# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार
10 मार्च 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 10 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579







**दुबई।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन साबित हुआ, जब भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने 49वें ओवर में 6 विकेट खोकर 252 रन बनाते हुए खिताबी जीत दर्ज की।

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 251 रन बनाए। उनकी तरफ से डेरिल मिचेल (63) और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद 53) ने अहम पारियां खेलीं। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और हार्दिक पांड्या को 1-1 सफलता मिली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने रोहित शर्मा (50) और शुभमन गिल (38) की शानदार साझेदारी से ठोस शुरूआत की। श्रेयस अय्यर (48) और अक्षर पटेल (29) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। हालांकि, न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने बीच में वापसी करने की कोशिश की, लेकिन केएल राहुल (नाबाद 38) और हार्दिक पांड्या (नाबाद 25) की सूझबूझ भरी बल्लेबाजी ने भारत को ऐतिहासिक जीत दिला दी।

निर्णायक क्षण- भारत को आखिरी 3 ओवरों में 18 रन की जरूरत थी। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने दबाव बनाया, लेकिन राहुल और पांड्या की सधी हुई बल्लेबाजी ने भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर केएल राहुल के चौके ने भारत की जीत सुनिश्चित की और स्टेडियम में भारतीय प्रशंसकों की खुशी देखते ही बन रही थी।

**भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि-** इस जीत के साथ भारत ने 2002 (संयुक्त विजेता), 2013 के बाद अब 2025 में तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीताहै1

भारत की इस शानदार जीत के बाद पूरे देश में जश्न मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर और अन्य दिग्गजों ने टीम इंडिया को बधाई दी। मुंबई, दिल्ली, कोलकाता समेत कई शहरों में क्रिकेट प्रेमियों ने पटाखे फोड़कर और तिरंगा लहराकर जश्न मनाया।

# राज्य कर अधिकारियों में से 1000 पर निलंबन की तलवार

## नौकरी के लिए खतरा बनी एमनेस्टी योजना




लखनऊ । एमनेस्टी योजना राज्य कर के अधिकारियों के लिए खतरा बन गई है। इसके तहत उन्हें हर रोज पांच व्यापारियों को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। इसमें पांच से दस फीसदी अधिकारी ही रोजाना लक्ष्य पाने में सफल हो रहे हैं।

राज्य कर विभाग में लागू एमनेस्टी योजना करीब 1000 अधिकारियों की नौकरी के लिए खतरा बन गई है। खंड के प्रत्येक अधिकारी को रोजाना पांच व्यापारियों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। शासन ने लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में राज्य कर में 436 खंड हैं, जिनमें लगभग 1200 अधिकारी तैनात हैं। बमुश्किल पांच से दस फीसदी अधिकारी ही रोजाना पांच व्यापारियों को इस योजना में जोड़ने में सफल हो रहे हैं। लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश प्रमुख सचिव एम. देवराज ने दिए हैं।

इस संबंध में जोनल एडिशनल कमिश्नरों द्वारा जारी पत्र में साफ कहा गया है कि हर हाल में रोजाना पांच केस एमनेस्टी में शामिल करने ही हैं। इसे पूरा न करने वाले अधिकारी का नाम निलंबन के लिए भेज दिया जाएगा। इसी के साथ खंडों में तैनात 1200 अधिकारियों में से लगभग 1000 पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है।

ऐसा पहली बार होगा जब किसी सरकारी विभाग के 90 फीसदी से ज्यादा अधिकारियों पर एकसाथ कार्रवाई होगी।

शेष पेज 2 पर

# कुकी समूह के अनिश्चितकालीन बंद का दिखा मिलाजुला असर, मणिपुर में तनाव के बीच शांति, सुरक्षा बल अलर्ट



इंफाल । मणिपुर में कुकी समूहों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ लागू किए गए अनिश्चितकालीन बंद का छिटपुट असर नजर आया। राज्य के कुकी बहुल इलाकों में तनावपूर्ण शांति रही। वहीं कुछ जिलों में कुकी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं बंद को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर रहे।

मणिपुर में कुकी समूहों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ लागू किए गए अनिश्चितकालीन बंद का मिलाजुला असर नजर आया। राज्य के कुकी बहुल इलाकों में तनावपूर्ण शांति रही। वहीं कुछ जिलों में कुकी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं बंद को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर रहे। चूराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के कुकी बहुल इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कें जाम कर दीं। जिन्हें सुरक्षा बलों ने हटाया।

शेष पेज 2 पर

# बजट सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना

## कई मुद्दों पर हो सकती है तकरार




नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी मांगने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी।

संसद का बजट सत्र सोमवार को फिर से शुरू हो रहा है। इस दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार होने के संकेत मिल रहे हैं। विपक्ष, मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के व्यवहार जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार का जोर बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी लेने, वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी दिलाने पर रहेगा।

**मणिपुर का बजट हो सकता है पेश-** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी मांगने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी। बताते चलें कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। उधर विपक्ष ने कहा कि वह फर्जी इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड (ईपीआईसी) नंबरों के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। इस मुद्दे को उठाने में तृणमूल कांग्रेस सबसे आगे है। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि वह अगले तीन महीनों के भीतर सुधार वाले कदम उठाएगा। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के उस दावे को खारिज कर दिया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि पश्चिम बंगाल में दूसरे राज्यों के मतदाताओं को वोट करने की अनुमति देने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया गया था।

**वक्फ विधेयक को पारित कराने में हो सकता है हंगामा-** इसके अलावा आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक जैसे हो सकते हैं लेकिन उनकी भौगोलिक जानकारी, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसे अन्य विवरण अलग-अलग हैं। इस मुद्दे को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमवार को चुनाव आयोग से मिलने जा रहे हैं।

शेष पेज 2 पर

# दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू होने के बाद भी भाजपा-आप में तकरार क्यों?




नई दिल्ली । दिल्ली में महिलाओं को महिला समृद्धि योजना न दे पाने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आतिशी केवल आरोप लगाने की राजनीति करती हैं। वहीं, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने एक कमेटी बनाकर दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए देने की स्कीम को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू हो चुकी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे कैबिनेट से पास करते हुए स्वयं इसके लागू करने की घोषणा कर दी है। अब इसके लिए पोर्टल लांच करने और अन्य औपचारिकताओं पर काम चल रहा है। लेकिन इस मुद्दे पर अभी भी भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच टकराव जारी है। आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर महिलाओं को दिया गया वादा न पूरा करने का आरोप लगाया है तो भाजपा ने उसे पंजाब में अब तक महिलाओं को एक-एक हजार रुपये न देने पर घेरा है।

शेष पेज 2 पर

## होली पर 60 हजार करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान

# चीनी रंग और गुलाल से लोगों ने बनाई दूरी




नई दिल्ली। कैट के अनुसार, इस वर्ष होली का त्योहार 60,000 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। पिछले वर्ष की तुलना में यह लगभग 20% अधिक है।

होली आने में अभी पांच दिन का समय बाकी है, लेकिन देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों पर होली का रंग सर चढ़कर बोल रहा है। बाजार होली के रंग, पिचकारी से लेकर स्वादिष्ट मिष्ठान्नों से भर गया है। जगह-जगह पर होली के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और लोग खूब जमकर होली के गानों पर थिरक रहे हैं। होली के इन कार्यक्रमों का असर सीधे बाजार पर दिखाई दे रहा है और बाजार में भी तेजी देखी जा रही है। इस वर्ष अकेले होली पर देश भर में 60 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है। इससे व्यापारी वर्ग उत्साह में है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा है कि इस बार भी होली की त्योहारी बिक्री में चीन के बने हुए सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया है।

शेष पेज 2 पर

ट्रैफिक नीति

ट्रंप की ट्रैफिक नीति - '

# 'आर्थिक आतंकवाद और ट्रैफिक आतंकवाद': स्वामी रामदेव



नागपुर । नागपुर के मिहान में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क के उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए पत्रकारों से बातचीत के दौरान योग गुरु ने यह भी कहा कि मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज लोगों के आदर्श हैं, न कि मुगल सम्राट औरंगजेब।

पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक रामदेव ने रविवार को कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत को धार्मिक आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए पहल करनी चाहिए। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत का जिक्र किए जाने के मामले पर भी बात की।

ट्रंप की टैरिफ नीति पर पूछे गए सवाल पर रामदेव ने दावा किया कि यह एक तरह का आर्थिक आतंकवाद और टैरिफ आतंकवाद है। यह दुनिया को एक अलग युग में ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बन रहे खतरनाक हालात के बीच हमें भारत को शक्तिशाली और विकसित बनाने की जरूरत है, क्योंकि कुछ शक्तिशाली देश दुनिया को विनाश की ओर ले जाना चाहते हैं।

नागपुर के मिहान में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क के उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए पत्रकारों से बातचीत के दौरान योग गुरु ने यह भी कहा कि मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज लोगों के आदर्श हैं, न कि मुगल सम्राट औरंगजेब।

ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ वाले फैसले पर योग गुरु ने क्या कहा?

ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ वाले फैसले पर योग गुरु ने कहा, 'बौद्धिक उपनिवेशवाद का एक नया युग शुरू हो गया है। जब से ट्रंप सत्ता में आए हैं, उन्होंने 'टैरिफ आतंकवाद' का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

उन्होंने गरीब और विकासशील देशों को धमकाकर लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। यह 'आर्थिक आतंकवाद' है। वे दुनिया को एक अलग युग में ले जा रहे हैं। वर्तमान हालात में भारत को विकास की जरूरत है। सभी भारतीयों को एक मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए एकजुट होना चाहिए और इन सभी विनाशकारी शक्तियों को जवाब देना चाहिए।'

शेष पेज 2 पर

# नो टिकट-नो एंट्री: होली पर जा रहे हैं तो ऐसे हैं नई दिल्ली स्टेशन पर हालात, लंबी कतार से यात्री परेशान



नई दिल्ली । रेलवे स्टेशन परिसर में प्रशासन ने पुल और पुल की सीढ़ियों पर बैठने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई यात्री इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर होली को मद्देनजर रखते हुए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। रविवार को अमर उजाला ने इसकी पड़ताल की। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद दिखी। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर के चारों ओर बेरिकेड्स लगाकर सुरक्षा के खास इंतजाम थे। साथ ही रेलवे पुलिस बल की टुकड़ी भी मुस्तैद दिखी।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने यात्रियों को कतार में खड़ा किया हुआ था। वहीं, सुरक्षाकर्मियों की ओर से फुटओवर ब्रिज पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। लोगों को एक जगह या फुटओवर ब्रिज पर खड़े होने से रोका जा रहा था। यात्री की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने प्लेटफॉर्म टिकट पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, ताकि अनावश्यक भीड़ को रोका जा सके।

वहीं, दूसरी ओर लंबी कतार होने के चलते यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को हुई। कुछ यात्री अव्यवस्था की शिकायत करते भी नजर आए। लेकिन प्रशासन हालात पर काबू पाया हुआ था।

रेलवे स्टेशन परिसर में प्रशासन ने पुल और पुल की सीढ़ियों पर बैठने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई यात्री इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी। स्टेशन परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन हर आवश्यक कदम उठा रहा है ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

इसके अलावा, स्टेशन में प्रवेश प्रक्रिया को भी सख्त कर दिया गया है। अब यात्रियों से पूछताछ के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। हालांकि, इस व्यवस्था में एक बड़ी चूक सामने आई है, जिसके चलते बिना टिकट यात्री भी स्टेशन परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। प्रशासन इस स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार कर रहा है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों के लिए बनाये गए प्रतीक्षालय में चार्जिंग पॉइंट से लैपटॉप और - फोटो : प्रशान्त पाण्डेय

होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थायी प्रतीक्षालय की व्यवस्था

होली के मद्देनजर रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों की सुविधा के लिए दोबारा अस्थायी प्रतीक्षालय बनाया गया है ताकि घर जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस प्रतीक्षालय में टिकट काउंटर और कियोस्क की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को लंबी कतारों में खड़े होने की परेशानी से राहत मिली है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन के समय और प्लेटफॉर्म नंबरों की जानकारी देने के लिए विशेष बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि यात्री सही समय पर अपने प्लेटफार्म तक आसानी से पहुंच सकें।

इसके अलावा, मोबाइल चार्जिंग के बोर्ड उपलब्ध कराए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतीक्षालय के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। यात्रियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतीक्षालय में शौचालय, फूड स्टॉल और पीने के पानी के लिए टैंकर की भी व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रतीक्षालय के अंदर और बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके और यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और सुविधाजनक हो।

**स्टेशन परिसर के अंदर अलग-अलग गेट से प्रवेश**

रेलवे स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग गेट से प्रवेश की व्यवस्था लागू की गई है। इस नए नियम के तहत प्लेटफॉर्म नंबर 16 के यात्रियों को गेट नंबर दस से प्रवेश दिया जा रहा है, ताकि स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो और यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। स्टेशन परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, जहां पुलिस बल की भारी तैनाती देखी गई। बावजूद इसके, यात्रियों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

एक महिला यात्री ने शिकायत की कि महिलाओं और पुरुषों को एक ही लाइन में खड़ा किया गया है। जिसकी उन्हें काफी परेशानी हुई है। वहीं, इंदलोक निवासी अजय ने बताया कि वह एक घंटे से लाइन में खड़े हैं, लेकिन अभी तक उनका नंबर नहीं आया है। चिलचिलाती धूप में यात्री परेशान नजर आए।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अचानक तबीयत बिगड़ी, एम्स में कराया गया भर्ती, हालत स्थिर

नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बीते शनिवार देर रात अस्पताल लाया गया। उन्हें बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद एम्स में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद एम्स में भर्ती कराया गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई को सूत्रों ने बताया कि 73 वर्षीय धनखड़ को बीते शनिवार रात अस्पताल लाया गया। उनकी हालत स्थिर है और और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि उपराष्ट्रपति को देर रात को बेचैनी और सीने में दर्द हुआ। जिसके बाद उन्हें देर रात करीब 2 बजे अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि उपराष्ट्रपति की हालत स्थिर है और उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में निगरानी में रखा गया है। धनखड़ को एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। सूत्र ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों का एक ग्रुप उनकी स्थिति पर नजर रख रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के एम्स में भर्ती होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी के लिए एम्स का दौरा किया। इस बात की जानकारी पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी।

# आज आसमान में छाए रहेंगे बादल... सूरज कराएगा गर्मी का अहसास

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नई दिल्ली । रविवार को आसमान साफ रहा। इस दौरान सूरज की तपिश ने गर्मी का अहसास कराया। सुबह से भी सूरज अपने तेवर दिखाने लगा था। जहां सुबह व शाम को लोगों को ठंड का अहसास होता था।

राजधानी में सोमवार सुबह धुंध की संभावना है। ऐसे में आसमान में आंशिक रूप से बादल भी छाए रहेंगे। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 व 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं, मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 14 मार्च को हल्की बारिश होने की संभावना है।

रविवार को आसमान साफ रहा। इस दौरान सूरज की तपिश ने गर्मी का अहसास कराया। सुबह से भी सूरज अपने तेवर दिखाने लगा था। जहां सुबह व शाम को लोगों को ठंड का अहसास होता था। अब यह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 32.8 डिग्री दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रिज में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आया नगर में 31.9, लोधी रोड में 31.8 व पालम में 31.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। साथ ही, न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। आया नगर में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रिज में 13.4 और लोधी रोड में 13.6 व पालम में 15.0 डिग्री दर्ज हुआ।

**एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंची हवा**

राजधानी में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने से हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है। रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 209 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 51 सूचकांक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बुधवार को हवा मध्यम श्रेणी में पहुंच सकती है। ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा से थोड़ी राहत मिल सकती है।

**16 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली हवा**

रविवार को हवा की दिशा पूर्व के साथ 16 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली। वहीं, सोमवार को दक्षिण-पूर्व के साथ दस किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा चलेगी। वहीं, मंगलवार को हवा की दिशा दक्षिण रह सकती है। इस दौरान छह किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा चल सकती है। यही नहीं, बुधवार को हवा की दिशा उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से 18 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल सकती है। इस दौरान हवा मध्यम श्रेणी में रह सकती है। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में गाजियाबाद सबसे अधिक प्रदूषित रहा। यहां एक्यूआई 272 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। वहीं, फरीदाबाद का एक्यूआई सबसे कम रहा। यहां एक्यूआई 95 रहा, जोकि संतोषजनक श्रेणी में है। इसके अलावा, गुरुग्राम में 225, ग्रेटर नोएडा में 142 और नोएडा में 124 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# पेज एक का शेष...

## बजट सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना

साथ ही उन्होंने बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे को उठाने के लिए कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना-यूबीटी सहित अन्य विपक्षी दलों को भी एकजुट किया है। केंद्र सरकार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक को जल्द से जल्द पारित कराना प्राथमिकता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले सप्ताह एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा था कि सरकार वक्फ संशोधन विधेयक को जल्द पारित कराने के लिए उत्सुक है, क्योंकि इससे मुस्लिम समुदाय के कई मुद्दे सुलझ जाएंगे। इस विधेयक को लेकर विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच संसद की एक संयुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश कर दी है।

संसद सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद- मणिपुर में ताजा हिंसा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाने की धमकी और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर भी संसद में हंगामा होने की उम्मीद है। इस सिलसिले में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि इंडिया ब्लॉक के नेता वक्फ विधेयक का संयुक्त रूप से विरोध करने के लिए व्यापक विचार-विमर्श करेंगे। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि कांग्रेस चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया अब स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं रह गई है बल्कि यह योजनाबद्ध और सुनियोजित तरीके से कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बजट सत्र के दौरान ट्रंप की पारस्परिक-टैरिफ धमकियों का मुद्दा भी उठाएगी और इन धमकियों से निपटने के लिए द्विदलीय सामूहिक संकल्प का आह्वान करेगी। संसद के बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चला था। दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगा।

## राज्य कर अधिकारियों में से 1000 पर निलंबन की तलवार

स्वैच्छिक होने की वजह से अभी तक आए 25 हजार व्यापारी

एमनेस्टी योजना स्वैच्छिक है। व्यापारियों को इसमें शामिल करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि लगभग 1.92 लाख केसों में से अभी तक करीब 25 हजार ने ही योजना में अपील के लिए आवेदन किया है। 31 मार्च अंतिम तारीख है। सबसे ज्यादा विवादों के मामले लखनऊ जोन में हैं, जहां करीब 22 हजार केस हैं। दूसरे नंबर पर 19 हजार केस के साथ वाराणसी है। तीसरे नंबर पर 18,500 केस लेकर गाजियाबाद है। चौथे नंबर पर 14 हजार केस कानपुर में और पांचवें पर 13,500 केस मुरादाबाद में हैं। छठे स्थान पर 10 हजार मामले गोरखपुर के हैं।

क्या है एमनेस्टी योजना-एमनेस्टी योजना कारोबारियों को जीएसटी मामलों में ब्याज और जुर्माने से राहत दे रही है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2017-18, वर्ष 2018-19 और वर्ष 2019-20 के मामलों में राहत मिलेगी। इन तीन वित्त वर्षों के मामलों को एमनेस्टी योजना में लाने से कारोबारियों को केवल टैक्स देना पड़ेगा। ब्याज व पेनाल्टी से छूट मिल जाएगी। प्रदेश में लगभग 1.92 लाख व्यापारी एमनेस्टी योजना के दायरे में हैं। उन पर विभाग के 7,816 करोड़ रुपये बकाया है। टैक्स चुकाने पर 5,150 करोड़ रुपये के ब्याज और 1,213 करोड़ रुपये पेनाल्टी की छूट मिलेगी।

## चीनी रंग और गुलाल से लोगों ने बनाई दूरी

लोग केवल भारत में ही बने हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामान खरीद रहे हैं। इससे भारतीय उत्पादकों और विक्रेताओं को जबरदस्त लाभ हो रहा है।

बाजारों में रंग-गुलाल में सबसे ज्यादा मांग हर्बल रंगों की हो रही है। लोग भारतीय उत्पादकों के द्वारा बनाए गए हर्बल उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता दे रहे हैं। रंग, पिचकारी, गुलाल, अबीर, गुब्बारे, मिठाइयां और होली खेलने के लिए बने विशेष कपड़ों की बाजारों में सबसे तेजी से मांग देखी जा रही है। बाजारों में उपभोक्ताओं की यह भीड़ होली के बाद नवरात्रों तक बने रहने का अनुमान है।

पिछली बार से 20 प्रतिशत ज्यादा व्यापार- कैट के अनुसार, इस वर्ष होली का त्योहार 60,000 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। पिछले वर्ष की तुलना में यह लगभग 20% अधिक है। पिछले वर्ष दूसरे मामलों में बाजार में कमजोरी रहने के बाद भी इसी दौरान होली पर पूरे देश में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था। इस बार अकेले देश की राजधानी दिल्ली में ही लगभग 8 हजार करोड़ से अधिक के व्यापार होने की संभावना है।

## कुकी समूह के अनिश्चितकालीन बंद का दिखा मिलाजुला असर, मणिपुर में तनाव के बीच शांति, सुरक्षा बल अलर्ट

कुकी बहुल इलाकों में दुकानें बंद रहीं और यहां आंदोलनकारी लोगों से घरों के अंदर रहने के लिए कहते नजर आए। अफसरों ने बताया कि एनएच-2 (इंफाल-दीमापुर रोड) पर गमघीफाई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गश्त की जा रही है।

आईटीएलएफ ने कुकी जो काउंसिल (केड) द्वारा बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन दिया। इस बंद का उद्देश्य राज्य में सभी सड़कों पर मुक्त आवाजाही का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई का विरोध करना था। आईटीएलएफ ने कहा कि कुकी-जो क्षेत्रों के माध्यम से मैतेई लोगों की आवाजाही की अनुमति देने के भारत सरकार के फैसले से कांगपोकपी में आंदोलन और विरोध हुआ। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया।

शनिवार को कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और पुलिसकर्मियों समेत 40 से अधिक अन्य घायल हो गए थे।

वहीं मणिपुर पुलिस ने कहा कि कुकी प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए हमलों में 27 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने उन पर पत्थर फेंके और बड़े-बड़े पत्थर लगाकर, टायरों में आग लगाकर, पेड़ों को गिराकर सड़कों को जाम किया। प्रदर्शनकारियों ने गोलियां भी चलाईं, इसका सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

पुलिस ने कहा कि जब मणिपुर राज्य परिवहन की एक बस इंफाल-कांगपोकपी-सेनापति मार्ग पर जा रही थी, कांगपोकपी जिले के गमगीफई में भीड़ ने वाहन पर पथराव करना शुरू कर दिया। इसके बाद सुरक्षा बलों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और न्यूनतम बल का इस्तेमाल करना पड़ा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने दिया था सख्त कार्रवाई का निर्देश

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में सुरक्षा बलों को मणिपुर में आठ मार्च से सभी मार्गों पर लोगों की खुली आवाजाही सुनिश्चित करने और अवरोध पैदा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में सभी जरूरी मदद प्रदान कर रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली बैठक आयोजित की गई थी। राज्य में मई 2023 से जातीय हिंसा जारी है। इस हिंसा में ढाई सौ से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

## ट्रंप की ट्रैफिक नीति - 'आर्थिक आतंकवाद और ट्रैफिक आतंकवाद': स्वामी रामदेव

कैलिफोर्निया में एक प्रमुख हिंदू मंदिर पर हमला-कैलिफोर्निया में एक प्रमुख हिंदू मंदिर पर हमले को लेकर भी रामदेव ने अपनी बात रखी। दरअसल, बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कहा कि चैन बर्नार्डिनो काउंटी के चिनो हिल्स शहर में उसके श्री स्वामीनारायण मंदिर पर उपद्रवियों ने धावा बोला और उसे अपवित्र करने का प्रयास किया। चिनो हिल्स लॉस एंजिल्स काउंटी की सीमा पर है। भारत ने रविवार को इस घटना की कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। नई दिल्ली ने घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा करने का भी आह्वान किया।

'धार्मिक आतंकवादियों की ओर से सनातन धर्म को निशाना बनाया जा रहा'

घटना के बारे में पूछे जाने पर रामदेव ने कहा कि जिस तरह से यूरोप, अमेरिका और ब्रिटेन में धार्मिक आतंकवादियों की ओर से सनातन धर्म को निशाना बनाया जा रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा, 'इस धार्मिक आतंकवाद के कारण पूरी दुनिया पीड़ित है। विभिन्न देशों के प्रमुखों को इससे बाहर निकलने का रास्ता तलाशने की जरूरत है और भारत को इसके लिए पहल करनी चाहिए।'

'मुगल शासक भारत के लोगों के लिए आदर्श नहीं हो सकते'

औरंगजेब से संबंधित एक अन्य सवाल पर रामदेव ने कहा कि मुगल शासक भारत के लोगों के लिए आदर्श नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, 'वह लुटेरों के परिवार से थे। चाहे बाबर हो या उसका परिवार, वे भारत को लूटने आए थे। उन्होंने हमारी हजारों महिलाओं पर अत्याचार किया। वे हमारे आदर्श नहीं हो सकते... छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे आदर्श हैं।'

## दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू होने के बाद भी भाजपा-आप में तकरार क्यों

दिल्ली में महिलाओं को महिला समृद्धि योजना न दे पाने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आतिशी केवल आरोप लगाने की राजनीति करती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि सत्ता में आने के तीन साल बाद भी पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने महिलाओं को एक-एक हजार रुपये देने का वादा क्यों पूरा नहीं किया।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही महिलाओं से किया गया वादा पूरा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के रूप में 2500 रुपये देने की घोषणा कर दी है। इसके लिए आवश्यक बजट भी आवंटित कर दिया गया है। ऐसे में हमने अपना पहला सबसे बड़ा वादा पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने संकल्प पत्र में किए गए हर एक वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

'कामचलाऊ मुख्यमंत्री से कामचलाऊ विरोध मंत्री बनीं आतिशी'

भाजपा नेता ने कहा कि आतिशी मारलेना पहले कामचलाऊ मुख्यमंत्री थीं, क्योंकि उनके पास कोई अधिकार नहीं था। हर काम केजरीवाल के नाम पर होता था, अब वे भाजपा का विरोध भी केवल काम चलाने के लिए ही कर रही हैं। उन्हें पता है कि भाजपा अपना हर वादा पूरा करेगी तब उन्हें विरोध करने के लिए कुछ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को अपने वादे पूरे करने पर विचार करना चाहिए।

आतिशी ने किया विरोध

उधर, आम आदमी पार्टी नेता आतिशी मारलेना ने रविवार को कहा कि भाजपा ने पहली बैठक में महिलाओं को 2500 रुपये देने की बात कही थी। लेकिन सरकार बनने के एक महीने बाद भी वे अब तक महिलाओं से किया गया अपना वादा नहीं निभा पाए हैं। इससे यह साबित हो गया है कि भाजपा केवल जुमलों की राजनीति करती है।

ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मारलेना ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने एक कमेटी बनाकर दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये देने की स्कीम को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। भाजपा ने दूसरा वादा दिल्ली वालों को होली-दिवाली पर 500-500 में एक-एक सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया था। केवल पांच दिन बाद होली है, लेकिन इसके बाबत अब तक कुछ नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली वालों को होली पर मुफ्त सिलेंडर देकर दूसरी गारंटी पूरी करे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 501 महिलाओं का सम्मान
## समाज सेवा में योगदान देने वाली महिलाओं की सराहना

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बागपत। नगर के मेरठ रोड स्थित वात्सायन पैलेस में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ और मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 501 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

**संस्था का उद्देश्य और सामाजिक कार्य**

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदत्त शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 10 वर्षों से भारत के विभिन्न जिलों में इस तरह के सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है।

संस्था द्वारा गरीब परिवार की बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों को बीए, बीएससी, बीकॉम और बीबीए की शिक्षा निशुल्क दिलवाना, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाना, तथा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करना जैसे कई जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं।

**मुख्य अतिथि और वक्ताओं के प्रेरणादायक विचार**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नैना शर्मा (समाज कल्याण विभाग, बागपत) ने महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों पर जोर देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

इस अवसर पर मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की जिलाध्यक्ष चांदनी जैन ने कहा कि उभरती हुई प्रतिभाओं का सम्मान करना एक गौरव की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सफलता को पहचानना और उन्हें प्रेरित करना समाज के विकास के लिए बेहद जरूरी है।

राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ की जिलाध्यक्ष आरती शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा ही वह हथियार है, जो महिलाओं को सशक्त बना सकता है और उन्हें समाज में समान अधिकार दिला सकता है।

**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति**

इस भव्य सम्मान समारोह में कई प्रमुख हस्तियां मौजूद थीं, जिनमें राष्ट्रीय महासचिव अंजू खोखर, जागरूक ब्राह्मण महासंघ की प्रदेश महासचिव रेनू शर्मा, गीता दीदी, पल्लवी दीदी, कुसुम चौहान, विमला शर्मा, सुप्रसिद्ध समाजसेविका शिवानी जैन (बड़ौत), शिक्षिका अमिता शर्मा (बागपत), साधना तिवारी, मीनाक्षी शर्मा, सोनिया त्रिखा, मधु धामा, गीता शर्मा, विमला शर्मा, मनोज शर्मा, सुनील शर्मा, विकास शर्मा, सतेंद्र शर्मा और आदित्य शर्मा आदि शामिल रहे।

**समारोह का संदेश और समापन**

कार्यक्रम के अंत में सम्मानित की गई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि समाज में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे सम्मान समारोहों का आयोजन बेहद आवश्यक है। इससे न केवल महिलाओं का हौसला बढ़ता है, बल्कि उन्हें समाज में अपने अधिकारों और कर्तव्यों का एहसास भी होता है।

इस आयोजन ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सेवा के महत्व को रेखांकित किया और महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का समापन महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के संदेश के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने महिलाओं की भूमिका को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन स्वच्छता जागरूकता और महिला सशक्तिकरण पर जोर



बड़ौत/बागपत।दिगंबर जैन कॉलेज, बड़ौत के तत्वावधान में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन (8 मार्च 2025) को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बड़ोली रोड, बड़ौत पर आयोजित किया गया। यह दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विशेष अवसर पर सामाजिक सेवा और महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ मनाया गया।

**शुभारंभ और प्रेरणादायक संबोधन**

शिविर का शुभारंभ प्रभुपूजन के साथ दीप प्रज्वलित कर एवं आरती करके किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. अर्चना सिंह और डॉ. गीता सिंह ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्र सेवा की भावना को अपनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

**स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण**

राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वितीय की छात्राओं ने मंदिर परिसर और बड़ोली रोड की सफाई की। इसके अलावा, उन्होंने पौधों की निराई-गुड़ाई और सिंचाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से छात्राओं ने समाज को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

**शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान**

शिविर के तहत छात्राओं ने आजाद नगर मलिन बस्ती का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रौढ़ शिक्षा के महत्व को समझाया और स्थानीय लोगों को शिक्षित करने के लिए कक्षा कार्य किया। इसके साथ ही, स्वस्थ भोजन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सलाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने पोषणयुक्त भोजन के महत्व को रेखांकित किया।

लघु उद्योग और आत्मनिर्भरता की ओर कदम

शिविर के दौरान नगर में विभिन्न एनजीओ से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रेणुका जैन ने कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने छात्राओं को कुटीर एवं लघु उद्योगों के बारे में जानकारी दी, जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकें।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुचिका जैन ने भी छात्राओं को स्वावलंबन और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी पहल और कड़ी मेहनत से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कविता पाठ और संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और समानता के महत्व पर विचार साझा किए गए। छात्राओं ने महिलाओं के अधिकारों और उनकी भूमिका पर अपनी भावनाओं को प्रस्तुत किया।

समाज सेवा के प्रति जागरूकता

इस शिविर के माध्यम से छात्राओं ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कदम बढ़ाया। स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर काम करते हुए उन्होंने समाज को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया।

अगले दिनों के कार्यक्रम

शिविर के आगामी दिनों में भी कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और रचनात्मक कार्यशालाएँ शामिल हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर न केवल छात्राओं को समाज सेवा से जोड़ रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में भी अग्रसर कर रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शिक्षिकाओं का सम्मान, समाज में जागरूकता का आह्वान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन और भू दृष्टि फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को उत्साह और सम्मान समारोह के साथ मनाया। इस मौके पर संस्था द्वारा महिला शिक्षिकाओं के योगदान को सराहते हुए उनका सम्मान किया गया।

शिक्षिकाओं का हुआ भव्य सम्मान-भू दृष्टि फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुसुम चौहान, राष्ट्रीय सचिव विमला शर्मा, अश्वनी शर्मा और नीरज तोमर सहित पूरी टीम ने शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की प्रधानाध्यापक डॉ. रीना बंसल, अध्यापक नागेश्वर शर्मा और महिला शिक्षिकाओं की पूरी टीम को पटका पहनाकर और शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना की गई और समाज में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया।

महिला सशक्तिकरण पर जोर-कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक डॉ. रीना बंसल ने भी भू दृष्टि फाउंडेशन की टीम का सम्मान करते हुए दुपट्टा पहनाकर उनका



अभिनंदन किया। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकारों, उनके योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई।

भू दृष्टि फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुसुम चौहान और राष्ट्रीय सचिव विमला शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ₹महिलाएं दो कुलों का सम्मान बढ़ाती हैं, इसलिए सभी को उनका आदर और सहयोग करना चाहिए।₹ उन्होंने महिलाओं से अपने हक और अधिकारों के लिए आगे आने का आह्वान किया और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

समाज में महिलाओं के सम्मान की जरूरत-कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और समानता के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि समाज में महिलाओं की भूमिका को सिर्फ घर तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि वे हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। इस अवसर पर मौजूद शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार रखे और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समाज में जागरूकता की अपील~- इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों और अन्य अतिथियों को यह संदेश दिया गया कि महिलाओं को उनके अधिकारों और सम्मान के प्रति समाज में समान स्थान मिलना चाहिए। साथ ही, इस तरह के आयोजनों से महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# बागपत में ऑनर किलिंग: प्रेमी युगल की गला घोंटकर हत्या, युवती का पिता गिरफ्तार, अन्य आरोपी फरार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बड़ौत/बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में ऑनर किलिंग का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां जौनमाना गांव में प्रेम संबंधों के चलते एक प्रेमी युगल की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोप है कि युवती के परिजनों ने दोनों को घर में पकड़ने के बाद उनकी पिटाई की और फिर रस्सी से गला घोंटकर मार डाला। पुलिस ने युवती के पिता पुष्पेंद्र को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं।

**कैसे हुआ यह खौफनाक कांड?**

मृतक बलराम (19) पुत्र राजेश्वर, जो बड़ौत के जनता वैदिक डिग्री कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था, और दृष्टि (17) पुत्री पुष्पेंद्र, जो कक्षा 9 में पढ़ती थी, के बीच काफी समय से प्रेम संबंध थे। दोनों का घर पास-पास था, जिससे अक्सर मुलाकात होती रहती थी।

रविवार को जब युवती के परिजन खेत में गन्ने की छिलाई करने गए थे और युवक के परिजन भी खेत में थे, तब बलराम इस मौके का फायदा उठाकर दृष्टि से मिलने उसके घर पहुंच गया। लेकिन इसी बीच किसी ने इसकी सूचना युवती के परिजनों को दे दी।

परिजन तुरंत घर लौट आए और दोनों को एक कमरे में रंगे हाथ पकड़ लिया। गुस्साए परिवारवालों ने प्रेमी युगल की पहले जमकर पिटाई की और फिर रस्सी से गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी घर से फरार हो गए।

**गांव में सनसनी, पुलिस ने घेरा कसना शुरू किया**

इस दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ौत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसपी बागपत अर्पित विजयवर्गीय भी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की



गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। पुलिस ने युवती के पिता पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस कई ठिकानों पर दबिश दे रही है और जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

**क्या है ऑनर किलिंग?**

ऑनर किलिंग यानी ₹सम्मान के लिए हत्या₹ एक ऐसी सामाजिक कुप्रथा है, जिसमें परिवार के सदस्य अपनी तथाकथित प्रतिष्ठा और इज्जत बचाने के लिए अपने ही परिजनों की हत्या कर देते हैं। यह हत्याएं आमतौर पर प्रेम संबंधों, अंतरजातीय विवाह या परिवार की मर्जी के खिलाफ उठाए गए किसी भी कदम के कारण होती हैं।

भारत में ऑनर किलिंग की घटनाएं कई बार सामने आ चुकी हैं। खासकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है। सामाजिक रूढ़िवादिता और कट्टर सोच के कारण ऐसी वारदातें आज भी जारी हैं, हालांकि सरकार और न्यायपालिका इस पर सख्त कार्रवाई कर रही है।

पुलिस कर रही जांच, आरोपियों पर होगी सख्त कार्रवाई

बागपत पुलिस ने इस मामले में हत्या, आपराधिक साजिश और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और इस हत्याकांड में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**होली मिलन** ■ बड़ौत मेडिकल एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाई 50वीं वर्षगांठ,

# होली मिलन समारोह में जुटे प्रतिष्ठित चिकित्सक

सुरेंद्र मलानिया

बड़ौत/बागपत- बड़ौत मेडिकल एसोसिएशन ने अपनी स्वर्ण जयंती (50वीं वर्षगांठ) को भव्यता के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर एक गरिमामयी समारोह और होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल एसोसिएशन की 50 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करना था, बल्कि डॉक्टरों के बीच आपसी सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा देना भी था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे समिति के सामूहिक सदस्यों ने संपन्न किया। मंच संचालन की जिम्मेदारी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रमेश चंद वशिष्ठ ने निभाई। मंच पर संस्था के प्रमुख पदाधिकारी और वरिष्ठ डॉक्टर उपस्थित थे।

समारोह में स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी राय साझा की। हार्ट हेल्थ पर महत्वपूर्ण जानकारी

DM कार्डियोलॉजिस्ट डॉ शोभित तोमर ने हृदय रोगों से बचाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आजकल हार्ट अटैक और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या आम हो गई है, लेकिन संतुलित खान-पान, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन से इसे काफी हद तक रोका जा सकता है।

उन्होंने कुछ घरेलू उपाय भी सुझाए: सुबह की सैर और व्यायाम करें। खाने में हरी सब्जियाँ और फाइबर युक्त भोजन लें। जंक फूड और तली-भुनी चीजों से परहेज करें, नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहें।



कैंसर जागरूकता पर विशेष सत्र

डॉ राजेंद्र कुमार ने कैंसर से बचाव और आधुनिक उपचार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू, शराब और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। कैंसर से बचाव के लिए उन्होंने सलाह दी: संतुलित आहार लें और प्राकृतिक चीजें खाएँ। तंबाकू उत्पादों से दूरी बनाए रखें। शरीर में किसी भी प्रकार की असामान्य गांठ या बदलाव को नजरअंदाज न करें और तुरंत जांच कराएँ।

**बच्चों की सेहत पर सलाह**

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव तोमर ने बदलते मौसम में बच्चों की देखभाल पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ठंड और गर्मी के बीच बदलाव के समय फ्लू, वायरल इंफेक्शन और एलर्जी जैसी समस्याएँ बढ़ जाती हैं। बचाव के लिए उन्होंने निम्नलिखित उपाय सुझाए:

बच्चों को गुनगुने पानी से नहलाएँ और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

मौसम के अनुकूल कपड़े पहनाएँ।

बाहर का भोजन कम कराएँ और ताजे फल-सब्जियाँ खिलाएँ।

बुखार, खांसी या गले में खराश हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

संस्था के पदाधिकारियों का संबोधन संस्था के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने अपने प्रभावशाली भाषण में एसोसिएशन की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बड़ौत मेडिकल एसोसिएशन ने वर्षों से समाज सेवा और चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और भविष्य में भी यही लक्ष्य रहेगा। संस्था के वाइस प्रेसिडेंट डॉ राजेश गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ कराई, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। संस्था के संरक्षक डॉ जे. के. गर्ग ने कहा, "यह एसोसिएशन केवल चिकित्सकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए कार्य कर रही है। हम भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

**वार्षिक रिपोर्ट और सम्मान समारोह**

संस्था के सेक्रेटरी डॉ प्रभात वशिष्ठ, जॉइंट सेक्रेटरी डॉ सूरज कुमार, और कोषाध्यक्ष डॉ गौरव जैन ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें संस्था द्वारा किए गए कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**प्रतिष्ठित चिकित्सकों की उपस्थिति**

इस भव्य आयोजन में बड़ौत के कई प्रतिष्ठित चिकित्सक शामिल हुए, जिनमें शामिल थे:

डॉ आनंद तोमर, डॉ सुखपाल, डॉ दिनेश बंसल, डॉ संजय जैन, डॉ अमित खोखर, डॉ सीमांत राय, डॉ विक्रांत, डॉ आबिद, डॉ अशोक सेठ बग्गा, डॉ गौरव मालिक, डॉ के. के. कश्यप

**होली मिलन समारोह में छाई रंगों की मस्ती**

कार्यक्रम के समापन पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें डॉक्टरों ने एक-दूसरे को गुलाल और फूलों से होली लगाई। सभी ने आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

होली मिलन के दौरान डॉक्टरों ने लोक गीतों पर झूमते हुए रंगों का आनंद लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं।

**आयोजन की खास बातें**

50वीं वर्षगांठ का भव्य उत्सव, स्वास्थ्य जागरूकता पर महत्वपूर्ण सत्र, संस्था की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा, वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान समारोह, होली मिलन में रंगों और भाईचारे का संदेश

यह आयोजन बड़ौत मेडिकल एसोसिएशन के 50 वर्षों की शानदार यात्रा का जश्न था। साथ ही, इसने चिकित्सकों के बीच आपसी सहयोग और एकता को मजबूत करने का कार्य भी किया। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि चिकित्सा क्षेत्र के लोग सिर्फ इलाज ही नहीं करते, बल्कि समाज को एकजुट रखने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

## संपादकीय

### सोच-समझकर संवेदनशीलता से हो कार्रवाई

यह विडंबना ही है कि आजादी के पिचहत्तर साल बाद भी शीर्ष अदालत को याद दिलाना पड़ा है कि संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी अनिवार्य हक है। यह भी कि हमारी पुलिस अब तक स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म नहीं समझी है और अकसर राजनीतिक दबाव में कार्यवाही कर देती है। कमोबेश यही स्थिति सत्ता पक्ष की भी है कि वो अपनी आलोचना पर तल्ख होकर अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करने पर उतारू हो जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस का भी दायित्व बनता है कि अभिव्यक्ति की सही व्याख्या करे। उसके बाद ही किसी तरह की कार्रवाई करे। निश्चय ही ऐसे मामलों में बेहद संवेदनशीलता की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर हाल के दिनों में किसी राजनेता के बयान, फिल्मों, साहित्यिक अभिव्यक्ति पर भावनाएं आहत होने के आरोप लगाने का फैशन ही बन गया है। दरअसल, कला व साहित्य में अभिव्यक्ति बिंबों व प्रतीकों के माध्यम से की जाती है। जिसकी सतही व्याख्या करके आनन-फानन में मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं। भारतीय समाज की तो सदियों से यह खूबसूरती ही रही है कि सभी विचारों व तर्कों का सम्मान किया जाता रहा है। लेकिन हाल के सोशल मीडिया के दौर में कथित भावना आहत होने के आरोप लगाने का रिवाज सा बन गया है। इसके विपरीत सत्ता पक्ष को सुविधाजनक लगने वाले तल्ख विचारों की अभिव्यक्ति का नोटिस नहीं लिया जाता। विडंबना यह है कि पुलिस भी सत्ता पक्ष के दबाव के चलते न्यायसंगत कार्रवाई नहीं कर पाती। यही वजह है कि पिछले दिनों सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की कविता पर प्राथमिकी दर्ज होने तथा अश्लील अभिव्यक्ति करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने मार्गदर्शक टिप्पणियां की। इसमें प्रतापगढ़ी की कविता का मर्म समझे बिना उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कड़ी आलोचना की गई। साथ ही शीर्ष अदालत ने सरकारी दिशा-निर्देशों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखने को भी कहा, जिससे किसी के साथ अन्याय न हो सके। निस्संदेह, अदालत ने स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के रूप में अपरिहार्य होने का जिक्र करते हुए दोटूक शब्दों में कहा कि कम से कम आजादी के सात दशक बाद पुलिस को इसकी गरिमा का अहसास होना चाहिए था। कोर्ट ने नसीहत दी कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले पुलिस को कविता पढ़नी चाहिए थी और उसका वास्तविक अर्थ समझना चाहिए था। कविता इंसाफ और प्रेम को अभिव्यक्त करती थी, न कि हिंसा-दुर्भावना को। कोर्ट ने ऐसी ही टिप्पणी डिजिटल प्लेटफार्म के एक कार्यक्रम में भदेस-अश्लील शब्दावली का प्रयोग करने वाले रणवीर इलाहाबादिया को फिर से कार्यक्रम की अनुमति देते वक्त की है। कोर्ट ने चेताया कि अभिव्यक्ति की आजादी के मायने अश्लील अभिव्यक्ति कदापि नहीं है। कोर्ट ने इलाहाबादिया को सख्त लहजे में चेताया कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर वे नैतिकता व अश्लीलता की सीमाओं के अतिक्रमण करने का दुस्साहस कदापि न करें। अदालत ने सोशल मीडिया मंचों के दुरुपयोग पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि सरकार इस बाबत दिशा-निर्देश जारी करे ताकि सेंसर करने तथा मापदंडों का फर्क स्पष्ट हो सके, जिससे आनन-फानन में विचारों की स्वतंत्रता पर अनावश्यक अंकुश न लगाया जा सके। निस्संदेह, आजकल जब सोशल मीडिया के कतिपय मंचों पर असामाजिक व्यवहार मर्यादाओं की सीमा लांघना आम होता जा रहा है, इनका गाइडलाइन्स के जरिये नियमन जरूरी हो जाता है। लेकिन पुलिस-प्रशासन को जल्दबाजी में कार्रवाई करने के बजाय संवेदनशील ढंग से चीजों का अवलोकन करना चाहिए। यह जानते हुए कि किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति एक अपरिहार्य शर्त है। वैसे अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी पहली बार नहीं आई। स्वतंत्र अभिव्यक्ति को लेकर कई बार मंथन भी होते हैं। लेकिन पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई में आवश्यक संजीदगी नजर नहीं आती। यही वजह है कि अदालतों में भावनाओं के आहत होने वाले कथित मामले लगातार आते ही रहते हैं। जबकि अधिकांश मामलों में राजनीतिक व धार्मिक दुराग्रह देखने को मिलते हैं। कई लोग बड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर चर्चा में आने का मौका तलाश लेते हैं। निस्संदेह, पुलिस-प्रशासन की संवेदनशीलता व सत्ता की उदारता से ही अभिव्यक्ति की आजादी की गरिमा रक्षित होगी। इसके अलावा महत्वपूर्ण यह भी है कि जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हम अपनी अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के प्रति सचेत रहें। हमारी उदासीनता समाज में निहित स्वार्थी तत्वों को मनमानी का अवसर देती है। स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लिये बनाया गया जनता का दबाव सत्ता व पुलिस-प्रशासन को मनमानी करने से रोकता है।

# रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य

**यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। ह्यनेचर फूडह्ल पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं।**





आज रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्ट चौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दशार्ती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। ह्यनेचर फूडह्ल पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे।

अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी।

सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं। ये मंत्र हैं- खाने वाले तेल में लोग 10 फीसदी की कटौती एवं जीवनशैली में बदलाव करें। अगर समय पर इस पर ध्यान नहीं गया तो भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। मोटापे की वजह से हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है।

स्वाद में चटपटी और जब जरूरत हो, तब पैकेटबंद भोजन की उपलब्धता ने हमें अपने घर की रसोई की जगह बाजार पर निर्भर बना दिया है।?इसके लिए बाजार ने कई तरह के लुभावने एवं बाजारवादी तर्क और नारे गढ़ रखे हैं। ये नारे और तर्क हमें लुभाते एवं गुलाम बनाते हैं। समय की बचत के नाम पर हमें मजबूर करते हैं कि हम अपने घर की रसोई को बंद ही रखें। हमारे खान-पान की परंपरा और पौष्टिकता पर यह एक तरह से हमला है। बाजार हमें सिखाना चाहता है कि परिवार में जब जिसको भूख लगे, वह बाजार जाए, आनलाइन ऑर्डर करें और?खा ले। पहले परिवार के लोग एक साथ बैठकर?खाते थे, तब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के सुख-दुख से परिचित होता एवं संवेदनाओं से जुड़ता था। दुख, परेशानियों, निराशाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाता था। सलाह मशविरा किए जाते थे। आज हमें बाजार सामूहिकता से काटकर वैयक्तिक एवं एकांगी बना रहा है। यदि हमने अपनी रसोई को सहेजकर नहीं रखा, तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब हमें पूरी तरह बाजार के डिब्बाबंद भोजन पर ही निर्भर रहना पड़े।

विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 14 फीसदी वयस्क और 12 फीसदी बच्चे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत का शिकार बन चुके हैं। लोगों में स्वास्थ्य के नजरिए से हानिकारक इन खाद्य पदार्थों को लेकर जो लगाव है, वो शराब और तम्बाकू जितना ही बढ़ चुका है। बता दें कि दुनिया भर में 14 फीसदी लोग शराब के और 18 फीसदी लोग तम्बाकू के आदी बन चुके हैं। ऐसे में 14 फीसदी वयस्कों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की दीवानगी एवं आकर्षण बेहद गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। यह जानकारी अमेरिका, ब्राजील और स्पेन के शोधकताओं द्वारा किए अध्ययन में सामने आई है, जिसके नतीजे नौ अक्टूबर 2023 को द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह अध्ययन 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है।

आजकल मार्केट में पैकेटबंद एवं जंक फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। सुविधा के नाम पर हो रहा यह हमला कई सारे साइड इफेक्ट्स दे रहा हैं। न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज की अगर पैकेजिंग की जाती है तो उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट। कुछ समय पहले आई एक स्टडी में बताया गया कि पैकेटबंद फूड्स में इमल्सीफायर नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो दिल की सेहत यानी हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है, इससे कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हो सकती हैं, यह कंपाउंड ब्लड प्रेशर लेवल को बढ़ा सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में इमल्सीफायर जब शरीर में पहुंचता है तो इससे शरीर की शक्ति क्षीण होने लगती है और कमजोरी-थकान-सुस्ती बढ़ती है।

पैकेटबंद भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में पोषक तत्वों की कमी होती है। पैकेटबंद भोजन अक्सर अतिरिक्त चीनी, नमक और वसा से भरपूर होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इनमें फाइबर की कमी होती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना अधिक होती है, इनमें स्नेह, प्यार, अपनापन एवं ममत्व नहीं होने से यह पोषित नहीं होते। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि पैकेटबंद भोजन में पाए जाने वाले कुछ रसायन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। बच्चों में पैकेटबंद भोजन का अधिक सेवन उनके शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्राचीनकाल से ही हमारे देश में घर का चूल्हा यानी रसोई जहां स्वास्थ्य की प्रयोगशाला होती थी वही पूरे परिवार को जोड़ने का केंद्र रही है। यह रसोई ही थी जिसने परिवार को हर सदस्य से प्रेम करना सिखाया। एक दूसरे की इज्जत, सुरक्षा, देखभाल एवं स्वस्थ रहना सिखाया। संयुक्त परिवार के दिनों में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, ननद-भाभी के बीच पनपे मतभेद को मनभेद में बदलने से रोका,?भोजन बनाते या साथ बैठकर खाते समय सारे मतभेद, गुस्से को तिरोहित करना भी रसोई ने ही सिखाया। यही हाल पुरुषों का भी था। जब साथ बैठकर खाते थे, तो आपसी मतभेद, मनमुटाव हवा हो जाते थे। लेकिन आज उसी रसोई पर संकट मंडरा रहा है।

# स्वास्थ्यकर भोजन व सक्रिय जीवन को दें बढ़ावा

बेशक शारीरिक रूप से सक्रिय रहना और व्यायाम करना व्यक्तिगत चुनाव का मामला है, लेकिन सार्वजनिक नीतियां सक्रिय वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनसे सामुदायिक स्तर पर शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलता है।

अपने हालिया ह्यमन की बातह्ल प्रसारण में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती पर प्रकाश डाला–अधिक वजन या मोटापा। यह मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर जैसे गैर-संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ाने के मुख्य कारकों में से एक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोटापे की चुनौती का समाधान खाद्य तेल की खपत को कम करने जैसे छोटे प्रयासों से किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ह्यआपको यह निर्णय लेना चाहिए कि आप हर महीने 10 प्रतिशत कम तेल का उपयोग करेंगेड्ढ यह मोटापा कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा ह्ल उन्होंने आगे कहा कि भोजन में कम तेल-घी का उपयोग करना और मोटापे से निजात न केवल व्यक्तिगत चुनाव है, बल्कि परिवार के प्रति व्यक्ति की जिम्मेदारी भी है।

प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक सार्वजनिक अभियान शुरू किया, जिसमें 10 सार्वजनिक हस्तियों को अपने भोजन में 10 प्रतिशत तेल कम करने की चुनौती दी और उनसे आगे अन्य 10 लोगों को इस चुनौती से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे मोटापे से लड़ने में काफी मदद मिलेगी। एनसीडी और तेल की खपत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संदेश महत्वपूर्ण है, लेकिन यह पूरी कहानी का केवल एक हिस्सा भर है।

दरअसल, बड़ी वजह है वसा का अत्यधिक सेवन, मुख्य रूप से ट्रांस फैटी एसिड या ट्रांस फैट, जो एनसीडी श्रृंखला का जोखिम बढ़ाने के बड़े कारकों में से एक है। ट्रांस फैट स्त्रोतों में डेयरी उत्पाद, घी, मांस और वनस्पति हैं। अन्य किस्म की वसा का अधिक सेवन भी हानिकारक है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा जारी आहार दिशानिर्देशों के अनुसार, नारियल तेल, घी और पामोलीन तेल में संतृप्त वसा का अनुपात सबसे अधिक है। प्रधानमंत्री द्वारा सुझाया गया विचार–खाना पकाते या उसकी सजावट करते समय उपयोग किए जाने वाले तेल की खपत को कम करना- केवल आधा कदम है। हम प्रसंस्कृत भोजन पदार्थ, फास्ट फूड, तले स्नैक्स, कुकीज इत्यादि के जरिए ट्रांस फैट ग्रहण करते हैं। अन्य कारकों में, भोज्य पदार्थों में मौजूद संतृप्त और असंतृप्त वसा का स्त्रोत भी कम या ज्यादा मात्रा में होता है। जन स्वास्थ्य के हित में, न केवल तेल बल्कि देसी एवं वनस्पति घी के साथ-साथ पैकेटबंद अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और डेयरी उत्पादों के सेवन में कटौती करना आवश्यक है। मोटापे के विरुद्ध अभियान में अस्वास्थ्यकारी आहार और आरामपरस्त जीवनशैली के त्याग को भी शामिल किया जाए।

स्वेच्छा से खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने के लिए कहकर, प्रधानमंत्री



ने मोटापे और असंक्रामक महामारी से निपटने का जिम्मा लोगों पर डाल दिया है। यह दशकों से अर्जित उस जन स्वास्थ्य ज्ञान के विरुद्ध है, जो कहता है कि स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को अपनाना व्यक्तिगत और सामाजिक, दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है। सरकार का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी नीतियों के जरिए वातावरण बनाए, जो लोगों को कम वसा वाले स्वस्थ आहार का सेवन करने में सक्षम और प्रोत्साहित करें। यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि जब सारा माहौल ही मोटापे को बढ़ावा देने वाला हो, जिसे वैज्ञानिक मोटापे को बढ़ावा देने वाला वातावरण कहते हैं- वहां कोई स्वस्थ आहार और स्वस्थ जीवनशैली कैसे अपना सकेगा। यह प्रयोजन सार्वजनिक नीतियों द्वारा आकार पाता है, वरना समुदायों को स्वस्थ विकल्प प्रदान नहीं करता।

हमें व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ मोटापा और एनसीडी से निपटने के लिए जनसंख्या-व्यापी और बहुक्षेत्रीय नीतिगत दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, भारत खाद्य तेल आपूर्ति के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, और सार्वजनिक नीतियां पाम ऑयल के आयात को प्रोत्साहित करने वाली हैं। कुल आयातित खाद्य तेलों में पाम ऑयल का हिस्सा लगभग 60 प्रतिशत है। पाम ऑयल प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग का मनपसंद माध्यम है, हालांकि अनेक अध्ययनों ने इसके सेवन को हृदय रोग के बढ़ते जोखिम से जोड़ा है। खाद्य तेलों के उत्पादन और आयात को नियंत्रित करने वाली सार्वजनिक नीतियों को इस तरह से बनाया जाए कि वे लोगों को कम हानिकारक खाद्य तेलों का विकल्प प्रदान करें।

पिछले कुछ दशकों में, भारत में बढ़ती आय, शहरीकरण और खाद्य उत्पादों के बढ़ते वैश्वीकरण के साथ खान-पान संबंधी आदतें बदल गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप नमक, चीनी और वसा से भरपूर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ लोकप्रिय हो गए हैं। इन उत्पादों ने खाद्य पारिस्थितिकी को बदल दिया है। जंक फूड अब हर जगह उपलब्ध हैझ्र पास-पड़ोस, मोहल्ले, स्कूल कैंटीन, कार्यालय, अस्पताल, सिनेमा हॉल, झुग्गी-झोपड़ियां, गांव तक में। इस बदलाव में नीतियों का योगदान बहुत बड़ा है। सरकारें चिप्स, कोला, कुकीज, नमकीन इत्यादि बनाने वाली प्रसंस्कृत खाद्य कंपनियों को सब्सिडी प्रदान करती हैं (इसे कृषि आधारित उद्योगों के लिए सब्सिडी के साथ भ्रमित न किया जाए)। जंक फूड उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए खाद्य कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाता है।

दरअसल, होना यह चाहिए कि कम दाम पर ताजे फलों और सब्जियों की उपलब्धता प्रोत्साहित की जाए क्योंकि यह स्वास्थ्यकारी विकल्प है। लेकिन हमारी नीतियां फलों और सब्जियों को प्रसंस्कृत कर उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। तिस पर तुर्रा यह है कि खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण पिछले कुछ वर्षों से प्रमुख जंक फूड कंपनियों के साथ साझेदारी में ह्यईट राइटह्ल अभियान चला रहा है! जंक फूड पर सख्त नियमन के लिए समर्थन जुटाने के बजाय, जिसकी मांग सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता विशेषज्ञ करते आए हैं- खाद्य सुरक्षा नियामक उलटे उन कंपनियों के साथ साझेदारी कर रहा है, जिन पर इसे नकेल डालनी चाहिए। 2019 में, नियामक ने 2022 तक खाद्य श्रृंखला से औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस फैट खत्म करने के लिए एक पहल ह्यभारत@75 : ट्रांस वसा से मुक्तिह्ल शुरू की थी। लेकिन, जंक फूड उद्योग के कड़े विरोध के कारण यह लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया।

शारीरिक श्रमविहीन जीवनशैली और व्यायाम निष्क्रियता और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ, जिसे मोटापा बनने का मुख्य सूत्रधार बताया जाता है, उसके पीछे भी यही कहानी है। बेशक शारीरिक रूप से सक्रिय रहना और व्यायाम करना व्यक्तिगत चुनाव का मामला है, लेकिन सार्वजनिक नीतियां सक्रिय वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनसे सामुदायिक स्तर पर शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए, पैदल चलने और व्यायाम के लिए अनुकूल सार्वजनिक स्थान मुहैया करवाने से शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने में दीर्घकालीन असर है। सार्वजनिक परिवहन, पैदल चलने वालों और साइकिल चलाने के लिए अलग से रास्ता बनाने जैसे उपाय कारों के उपयोग को हतोत्साहित करने में जाने-माने उपाय हैं। ये सभी सार्वजनिक नीतियों के मामले हैं, जो व्यक्तिगत विकल्पों को आकार देते हैं। भले ही खाद्य तेल की खपत को कम करने जैसी व्यक्तिगत क्रिया मोटापा कम करने में एक बड़ा कदम है, लेकिन यह करते वक्त हमारा ध्यान कई क्षेत्रों में अनुकूल सार्वजनिक नीतियों की आवश्यकता से नहीं हटना चाहिए।

# कैबिनेट मंत्री ने विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को किया सम्मानित



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने शनिवार को भाजपा कार्यालय पर स्वावलंबी व समाज में विशिष्ट योगदान देने वालीं महिलाओं को सम्मानित किया। साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व समृद्धि की प्रतिबद्धता जताई। पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्र व समाज से जुड़ी महिलाएं एकजुट हुईं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सीएम योगी और पीएम मोदी की सरकार में ही महिलाएं सुरक्षित और समृद्ध हो रही हैं। यह सरकार महिला के विकास के लिए समर्पित है।

जिलाध्यक्ष ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना पर जोर दिया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुद्रिता शर्मा ने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाईं जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं के जानकारी दी। बलदेव विधायक पूरन प्रकाश, अनिल चौधरी, नरेंद्र गौतम, केके गौतम, भगत सिंह, श्याम शर्मा, नेम प्रकाश समेत अन्य मौजूद रहे।

# हुलिया बदलने में माहिर असद का यूपी सहित तीन राज्यों में आतंक, मथुरा पुलिस ने एनकाउंटर में किया ढेर



मथुरा। हुलिया बदलकर डकैती-हत्या और लूट की वारदता को अंजाम देने वाला एक लाख का इनामी बदमाश फाती उर्फ असद (48) को मथुरा स्पेशल टास्क और रिवॉर्ड टीम ने रविवार तड़के मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। अरोपी के खिलाफ प्रदेश समेत तीन राज्यों में विभिन्न धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। तीनों राज्य की पुलिस को लंबे समय से आरोपी की तलाश में जुटी थी। डीआईजी शैलेश पांडेय ने बताया- रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि थाना हाईवे के कृष्णा कुंज कॉलोनी के एक घर में फाती अपने 3 साथियों के साथ छिपा है। एसओजी व हाईवे पुलिस ने घर की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे। पुलिस ने पीछा करके बदमाशों को रुकने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने फायरिंग जारी रखी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली फाती के लग गई। खून से लथपथ होकर वह जमीन पर गिर पड़ा। उसे नजदीक अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंधेरे का फायदा फाती के साथी भाग गए। जगह-जगह बैरिकेडिंग पर उनकी जंगलों में तलाश की जा रही है। असद छैमार गिरोह का सरगना था। आरोपी के पास से ऑटोमैटिक गन, पिस्टल, खोखे और जिंदा करतूस मिले हैं। फाती उर्फ असद ने डकैती के दौरान अगस्त 2020 में क्रिकेटर सुरेश रैना के रिश्तेदार पंजाब के पठनाकोट निवासी फूफा-बुआ और उनके बेटे की तमंचे की बट से कूचकर हत्या कर दी थी। इसके बाद घर का सामान समेट कर आरोपी भाग गया था। तभी से पंजाब पुलिस भी आरोपी की तलाश में जुटी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद सुरेश रैना आईपीएल छोड़कर घटनास्थल पर पहुंचे थे।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में शाहबाद पत्रकार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। सीतापुर जनपद के महोली तहसील के संवाददाता राघवेंद्र बाजपई की निर्मम हत्या करने के विरोध में शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के पदाधिकारियों ने डीजीपी के नाम कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।रविवार को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब के नेतृत्व में सभी पत्रकार एकजुट होकर कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने सीतापुर जनपद में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपई के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई। इसको लेकर पत्रकार संगठन ने डीजीपी के नाम कोतवाल पंकज पंत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पत्रकार के परिवार को 5 करोड़ की आर्थिक मदद के साथ एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पत्रकार के हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वही शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले पत्रकारों ने पूरे प्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा की मांग करते हुए पत्रकारों के साथ होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेने की मांग की। इस अवसर पर संस्थापक अंकित गुप्ता, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, प्रवक्ता शाहनवाज अली, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता के साथ महिला सभा की अध्यक्ष नेहा गुप्ता मौजूद रही।

# वैज्ञानिक खेती और कम लागत मे अधिक गन्ना उत्पादन कैसे हो सीखने के लिए शाहजहांपुर पहुंचे किसान

उत्तर प्रदेश रामपुर ।शासन की मंशानुरूप उपगन्ना आयुक्त मुरादाबाद एवं जिला गन्ना अधिकारी रामपुर के निदेर्शानुपालन मे शुक्रवार को गन्ना विकास परिषद मिलक नारायणपुर जनपद रामपुर से प्रगति शील 50 गन्ना कृषको का एक दल गन्ना की बसंत कालीन गन्ना बुवाई, नवीन उन्नत प्रजातियों का अच्छादन बढ़ाने तथा वैज्ञानिक खेती व नवोनवेशी तकनीको, कम लागत मे अधिक गन्ना उत्पादन, पंचामृत खेती, पेड़ी प्रबंधन,गन्ने के रोग एवं कीट प्रबंधन इत्यादि के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण मे प्रतिभाग करने हेतु गन्ना शोध संस्थान, शाहजहांपुर के लिए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिलक नारायणपुर द्वारा बस संख्या यू. के. 18 पी. ए. 0437को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।.ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिलक नारायण पुर जनपद -रामपुर

# अध्यक्ष पति वसीम खान ने क्षयरोगियों को लिया गोद,बाटी पोटली

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहाबाद ।शासन के आदेशों के अनुक्रम में रविवार को नगर पंचायत शाहबाद के अध्यक्ष पति वसीम खान द्वारा क्षयरोग रोगियों को पोटली बांटी गई तथा उनसे अपना इलाज सावधानीपूर्वक करने का आगृह किया गया तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की,इस अवसर पर अध्यक्ष पति वसीम खान ने नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि आपको लंबे समय से खांसी रहती है तो तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में जाकर जांच कराए, अपने और अपने परिवार को बीमारियों से बचाकर स्वस्थ रहें। इस अवसर पर सभासद सदाकत खा, आदिल मसूरी आदि उपस्थित रहे।

# मैनपुरी में हिंदू नववर्ष पर शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर संयोजक गौतम चौहान ने जगह-जगह पहुंचकर निमंत्रण पत्र दिया।



मैनपुरी। हिंदू नववर्ष पर शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर नववर्ष शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि नागरिकों को आमंत्रण दे रहे है।

शोभायात्रा संयोजक गौतम चौहान के साथ कार्यकताओं ने प्रदेश के कस्बा भोगाव में पहुंचकर चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी अंकुर अग्निहोत्री को नववर्ष शोभायात्रा के लिए आमंत्रण दिया है। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को शहर में भव्य नववर्ष शोभायात्रा निकाली जाएगी। हर घर भगवा अभियान के तहत हर घर में भगवा ध्वज लगाकर हिंदू नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। समिति के राजा तेजसिंह के वंशज यशदीप सिंह, डॉ. पीके पाठक, लव मोहन, पीयूष चंदेल, रिषभसक्सेना आदि

# दावत खाने गए युवक की बाइक चोरी, बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बिछवां/मैनपुरी - थाना क्षेत्र के एक निवासी एक युवक ने थाने में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते माह व पड़ोसी गांव में भंडारा की दावत खाने गया था तभी उसकी बाइक चोरी हो गई। थाना क्षेत्र के गांव जिरौली निवासी सिराजुद्दीन पुत्र अल्लावक्स ने थाने में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 14 फरवरी को शाम को वह पड़ोसी गांव चिटौंआ में भंडारा की दावत खाने गया था। वह अपनी बाइक को खड़ी कर दावत खाने गया। जब दाबत खाकर लौटा तो बाइक अज्ञात चोर चुरा ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानवीन शुरू कर दी है।

# कठघरे में कानून व्यवस्था, कांग्रेसियों ने पुलिस व एसओजी टीम पर खड़े किए सवाल



मथुरा। छाता पुलिस व एसओजी टीम की फर्जी मुठभेड़ के बाद कांग्रेसियों ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेसियों ने मध्यवर्गीय लोगों को दबाने और अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की एसआईटी जांच कराने की मांग की है। हालांकि एसपी क्राइम मामले की जांच कर रहे हैं। कांग्रेस महानगर कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मुकेश धनगर ने कहा है कि यूपी पुलिस फर्जी मुठभेड़ करके एवं फर्जी मुकदमे दर्ज कर अपना गुडवर्क रिकॉर्ड पूरा कर रही है। इसलिए छाता पुलिस व एसओजी टीम ने औरंगाबाद दीपपुर निवासी हेमंत शर्मा को मुठभेड़ में गिरफ्तार करके अवैध शस्त्र बनाने का आरोपी घोषित किया है। हालांकि परिजन पुलिस के इस कारनामे को बेतुका बता रहे हैं। परिजन का कहना है कि उनका बेटा कार्यक्रमों में डीजे बजाने का काम करता है। कहा कि पुलिस ने छाता में 3 मार्च की रात को पकड़ी अवैध शस्त्र फैक्टरी में बेटे का कोई लेनादेना नहीं है। उन्होंने भी पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। आरोपी हेमंत के परिजन न्याय के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। यूपी कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद, उमाशंकर शर्मा, विपुल पाठक, अप्रतिम सक्सेना, जिलानी कादरी, राजू फारुकी, पूरन सिंह अनवर मौजूद रहे।

# व्रन्दावन में साध्वी ऋतंभरा से मिलने पहुंचे कथावाचक रमेश भाई ओझा



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। व्रन्दावन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुप्रसिद्ध कथावाचक रमेश भाई ओझा ने वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में पहुंचकर साध्वी ऋतंभरा से आध्यात्मिक भेंट की।साध्वी ऋतंभरा ने रमेश भाई ओझा का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। इसके पश्चात कथावाचक ने वात्सल्य ग्राम के विभिन्न प्रकल्पों का भ्रमण किया और वहां संचालित गतिविधियों को करीब से देखा। बच्चों से बातचीत करते हुए रमेश भाई ओझा ने कहा कि संसार की संपूर्ण मधुरता मां शब्द में समाहित होती है। आज इस अवसर पर दीदी मां के आश्रम में आकर वात्सल्य ग्राम को प्रत्यक्ष देखने का सौभाग्य मिला।

यह एक अनूठा प्रकल्प है, जो प्रेम, परिवार और परमात्मा के आदर्शों पर आधारित है। संजय भैया, साध्वी सत्यप्रिया, स्वामी सत्यशील, सुमनलता, शिरोमणि, साध्वी समन्विता आदि मौजू थीं।

# कुरावली पुलिस ने दो वारन्टी किये गिरफ्तार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



कुरावली/ मैनपुरी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो वारन्टी अलग अलग क्षेत्र से किये गुरफ्तार, समय से न्यायालय के समक्ष किये पेश। मैनपुरी के थाना कुरावली अलग अलग क्षेत्र से 8 और 9 मार्च 2025 दिन शनिवार व रविवार को दो वारन्टी बेचेलाल पुत्र बिहारी लाल निवासी ग्राम घाटमपुर कुरावली और अरविंद पुत्र सुघर सिंह निवासी ग्राम कल्यानपुर कुरावली को न्यायालय के आदेशानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। बीते दिनों मुकदमे की तारीख पर गैरहाजिर होने पर न्यायालय ने वारंट किया था जारी। आदेश का पालन करते हुए थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने उपनिरीक्षक खुशीराम और भगवती प्रसाद मय हमराह वारंटियों की गुरफ्तारी हेतु क्षेत्र में रवाना कर अभियुक्तो बेचेलाल और अरविंद को गुरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश

# नंदगांव में लठामार होली की धूम...नगाड़ों की थाप पर नाच रहे श्रद्धालु, राधे-राधे की गूंज



मथुरा के नंदगांव में भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली नंदगांव में लठामार होली की धूम मची हुई है। बरसाने की प्रसिद्ध लठमार होली के बाद अब नंदगांव में भी रंग, उमंग और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा है। दूरदराज से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। होली के इस अनूठे उत्सव का आनंद ले रहे हैं। रंगों और गुलाल से सराबोर श्रद्धालु ढप और नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए नंदगांव के प्रमुख मंदिरों और गलियों में उमंग के साथ घूम रहे हैं। चारों ओर 'राधे-राधे' और 'कृष्ण-कन्हैया लाल की जय' के जयघोष गूंज रहे हैं। नंदगांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। लठामार होली के मुख्य आयोजन स्थल लठामार होली चौक को विशेष रूप से सजाया गया है। रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और झालरों से पूरा क्षेत्र अद्भुत नजारा पेश कर रहा है। यहां शाम को लठामार होली का मुख्य आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अद्भुत परंपरा के तहत नंदगांव की गोपियां बरसाने के ग्वालों को प्रेम की लाठियों से प्रहार करेंगी और ग्वाले उनकी छेड़छाड़ का आनंद लेंगे। यह आयोजन श्रीराधा-कृष्ण के प्रेम और रासलीला की स्मृति में होता है। इस खेल को देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु उमड़े हुए हैं।

**बढ़ता तापमान** | बढ़ते तापमान के बीच 13 और 14 मार्च को प्रदेश में होगी बारिश

# इन जिलों के लिए अलर्ट, प्रयागराज सबसे गर्म

लखनऊ। यूपी में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। रविवार को हवाओं की गति बदलने से मौसम में गर्मी बढ़ी। आने वाले दिनों के लिए मौसम विभाग ने बारिश की चेतावनी जारी की है।

यूपी में बढ़ती गर्मी के बीच प्रदेश में एक बार फिर से मौसम बदल सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 13 और 14 मार्च को क्षेत्र में हल्की बारिश के आसार जताए गए है। इस वजह से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। बीते कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिससे दिन के समय गर्मी महसूस की जा रही है। हालांकि, सोमवार को हल्की हवाएं चलने से मौसम में कुछ राहत मिली।

मार्च के शुरूआती दिनों में ही पश्चिमी यूपी के कई जिलों में तापमान सामान्य से अधिक रहा है। दिन में धूप तीखी होने लगी है, जिससे लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है। बीते 24 घंटों कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 13 और 14 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान बादल छाए रहने की संभावना है और दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जा सकती है। 15 मार्च के बाद तापमान दोबारा बढ़ने लगेगा और गर्मी का असर तेज हो सकता है।

**प्रयागराज रहा यूपी में सबसे गर्म**

यूपी में रविवार को 34.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रयागराज सबसे गर्म शहर रहा। इसी तरह हमीरपुर में अधिकतम तापमान 34.2, लखनऊ 32.1, कानपुर 33.0, वाराणसी 33.2, झांसी 33.1, आगरा 33.8 व बांदा में 33.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

**राजधानी में हल्की गर्मी के बीच धीमी पुरवा हवाओं से राहत**

मार्च के महीने में गर्मी धीरे-धीरे अपने असर दिखाने लगी है। रविवार को राजधानी में हल्की गर्मी का अहसास हुआ, हालांकि धीमी पुरवा हवाओं ने मौसम को ज्यादा तपने नहीं दिया। सुबह से ही धूप तेज रही, जिससे दोपहर के समय गर्मी का प्रभाव महसूस हुआ, लेकिन शाम होते-होते हवाओं ने राहत दी।

मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ में शनिवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया व न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं रविवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 32.1 तो न्यूनतम 13.2 डिर्ग्री पर पहुंच गया। लगातार तापमान बढ़ने से मौसम भी बदल रहा है। शहर में सुबह के समय मौसम थोड़ा सुहावना था, लेकिन दोपहर में सूरज की तेज किरणों ने गर्मी का एहसास कराया।

दोपहर के समय गर्मी के बावजूद पुरवा हवाओं की धीमी गति से लोगों को कुछ सुकून मिला। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 13 और 14 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से लखनऊ और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार है। इससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है और मौसम कुछ हद तक ठंडा होने की उम्मीद है।

# मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं के जिम्मेदार डीन को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए:- बु. वि. सेना

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर ।बुन्देलखण्ड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में स्थानीय कंपनी बाग में आहूत हुई । बैठक में ललितपुर के जिला संयुक्त चिकित्सालय जो कि अब राजकीय स्वायत्तशासी मेडीकल कॉलेज में तब्दील हो गया है , की चरमराती स्वास्थ्य सेवाएं , घोर अव्यवस्थाओं पर गहरी चिन्ता व्यक्त की गई । उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में मेडिकल कॉलेज के अधीन महिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की घोर लापरवाही के कारण हुई । उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज ललितपुर की घोर अव्यवस्थाओं के लिए डीन जिम्मेदार हैं। डीन का मेडिकल कॉलेज पर कोई नियंत्रण नहीं है। मेडिकल कॉलेज में तमाम डॉ नियुक्त होने के बावजूद कोई डॉ समय पर अपनी सीट पर नहीं मिलता। इमरजेंसी वार्ड में हमेशा अफरातफरी का माहौल रहता है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज का डीन के नियन्त्रण में डॉ और कर्मचारी नहीं है।



बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ललितपुर का राजकीय मेडीकल कॉलेज जहां पर हजारों लोग प्रतिदिन अपने इलाज के लिए आते हैं , और यहां आकर जब मेडीकल कॉलेज के स्वयं बीमार पाते हैं तो उनको बड़ी निराशा होती है । उन्होंने कहा कि आई सी यू तथा सी सी यू , टॉमा सेन्टर सुविधाओं और स्टॉफ के अभाव में केवल नाममात्र के सेन्टर बने हुए है ।

बु. वि.सेना प्रमुख ने कहा कि इमरजेन्सी वार्ड में और अन्य वार्डों में पलंग के अभाव में मरीज जमीन पर लेटने के लिए बाध्य हैं । मरीजों को धुली हुई बेडशीट नहीं मिलती है । मरीजों को शुद्ध पेयजल नही मिल रहा । जगह जगह मेडीकल वेस्ट के ढेर लगे हुए हैं जिस कारण संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है ।

उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ सहानूभूति का व्यवहार करने की बजाय अमानवीय बर्ताव किया जाता है । मामूली बीमारियों में मरीजों को बाहर रिफर कर दिया जाता है । मरीजों से स्टॉफ द्वारा रुपये ऐठनें की भी तमाम शिकायतें मिली हैं । ब्लड बैंक में खून देने के नाम पर मरीजों से रुपये ऐंठने की भी कई शिकायते मिल चुकी हैं ।

उन्होंने कहा कि जनपद का जिला संयुक्त चिकित्सालय ( मेडीकल कॉलेज ) जो कि पूरे जिले की लाखों की आबादी को कवर करने के लिए है वह घोर असुविधा , लापरवाही और बदइंतजामी का सबब बन गया है । यहां पर चिकित्सा सुविधा के नाम केवल खानापूर्ति हो रही है । इतनी बड़ी आबादी की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए एक भी काडियोलोजिस्ट मौजूद नहीं है । मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद ललितपुर की जनता महानगरों में लुट पिट रही है।

उन्होंने कहा कि जिला संयुक्त चिकित्सालय को पुनः अस्तित्व में लाकर तमाम स्वास्थ्य सेवाओं से लैस किया जाए ताकि गरीब जनता को मुफ्त इलाज मिल सके ।

बु. वि. सेना ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज के डीन को तत्काल प्रभाव से हटाकर और वहां पर व्याप्त भ्रष्टाचार , अव्यवस्थाओं को दूर करके सभी सुविधाओं से लैस किया जाय अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना उग्र आन्दोलन छेड़ने के लिए बाध्य हो जायेगी ।

बैठक में बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया, राजकुमार कुशवाहा , कदीर खां , फूलचंद रजक, अमरसिंह बुन्देला , जगदीश झा, मिलन चौहान, राजीव साहू, प्रेमशंकर गुप्ता, देवेन्द्र राजा, अखिलेश सिंह, लल्लूसिंह , भजनलाल कुशवाहा, संतोष सोनी, रामस्वरूप राजपूत, चरणसिंह, शिखरचंद जैन, रूपसिंह, प्रमोद धानुक, संजू राजा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, प्रकाश पेंटर, दिलीप खटीक, लक्ष्मीनारायण , सुनील कुमार , गफूर खां , काशीराम , विनोद साहू , खिलन सहरिया , भज्जू, जगदीश कुशवाहा, जानकी कुशवाहा, मोहन , प्रमोद , भैय्यन कशवाहा , प्रिन्स , राजाराम , प्रदीप साहू , टिंकू सोनी , कामता भट्ट आदि मौजूद रहे ।

# ललितपुर में चिकित्सक की लापरवाही से प्रसूता की मौत से रोष, सौंपा ज्ञापन

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी ललितपुर में मेडिकल कालेज में चिकित्सकों की लापरवाही से प्रसूता मालती सोनी की मृत्यु से पूरे जिले में आक्रोश है और सभी जगह से लापरवाह चिकित्सक एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है।

महरौनी सर्व स्वर्णकार समाज ने उपजिलाधिकारी राजबहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इस मौके पर प्रेमनारायण



सोनी एडवोकेट, राहुल देव सोनी , विवेक प्रकाश सोनी अध्यक्ष सर्व स्वर्णकार समाज, व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री राजेश खिमलासा, अखिलेश सोनी, संदीप,मनोज ,शंकर सोनी , हरीशंकर सोनी पत्रकार, रामकिशोर सोनी , हरीशंकर कुम्हैडी,रामकिशोर सोनी ,मनोज सोनी ,शिवम सोनी ,महेश सोनी , दयाशंकर सोनी , शिव शंकर,कुलदीप, मोहित, रोहित, पुष्पेन्द्र सोनी,गौरव सोनी ,विपुल, अभिषेक,सौरभ सोनी ,रूचिर, अतुल, सुरेंद्र,शिवम , रोहित, वैभव ,हरी सोनी सहित स्वर्णकार समाज के लोग उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर महरौनी सहेजनी शिक्षा केन्द्र महिला संस्था है जो महिलाओं किशोरियों के साथ शिक्षा साक्षरता के जरिए सशक्तिकरण का कार्य करती है।इन सभी उद्देश्यों को ध्यान रखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सहजनी शिक्षा केन्द्र में मनाया गया जिसमें महरौनी,मडावरा,बिरधा,जखौरा ब्लांक की लगभग 100 महिलाऐ एवं किशोरी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार रखे और महिला सशक्तिकरण के लिए गीत , स्लोगन एवं अपने विचारों से उपस्थित महिलाओं एवं



किशोरियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम दुष्यंत बडौनिया ने अंतरराष्ट्रीय दिवस की सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह दिन महिलाओं को सशक्त करने एवं उनके अधिकारों में वृद्धि करने वाली प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। यह दिवस महिलाओं के समूचे विकास का भी द्योतक है । पुलिस विभाग से आयी कृष्णा और रेखा ने महिला अधिकारो एवं महिला अपराधों को रोकने संबंधी जानकारी एवं हेल्पलाइन नंबर बताये ।इस मौके पर केंद्र संस्थापक मीना, कुसुम ,कनीजा ,राजकुमारी ,नन्ही,ग्यासी और समस्त टीम उपस्थित रहीं ।

# पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध समीक्षा बैठक, किया कार्यों का जायजा

## पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध समीक्षा बैठक, किया कार्यों का जायजा



**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ने उपस्थित सभी थाना, चैकी व शाखा प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सैनिक सम्मेलन कर अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को उचित निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी ने सभी थाना, चैकी व शाखा प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए तीन माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि आई जी आर एस, आईटीएसएसओ पोर्टल तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त सभी प्रकार के प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। ऑपरेशन कन्विक्शन एवं ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही में प्रगति लाने व कार्यवाही के सम्बन्ध में अवगत कराने के निर्देश दिए। एसपी ने समस्त थाना क्षेत्रों में आवासित घुमंतू लोगो के सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने भारी संख्या मे लंबित आरोप पत्र एवं अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में एक सप्ताह के अंदर दाखिल करने को कहा तथा हत्या, लूट, चोरी आदि के मामलों के खुलासे के निर्देश दिए।

कहा कि सात वर्षों से अधिक सजा के अभियोगों में कार्यवाही कर शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। भादवि 363, 366 के बरामदगी के लिए शेष लम्बित अभियोगों के निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि स्थानीय थानों में लंम्बित चरित्र प्रमाण पत्रों का सत्यापन करें। इसके साथ ही दर्पण डैसबोर्ड की रैकिंग में सुधार, बरामद किए गए माल के निस्तारण, क्राइम अगेस्ट वुमेन पोर्टल में लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण व आगामी होली व रमजान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, राजापुर जयकरन सिंह, प्रशिक्षु फहद अली, वाचक पुलिस अधीक्षक राजीव सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी मीडिया सेल निशी कान्त राय, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

# सघन विधुत चैकिंग अभियान चलाकर बकायेदारों से विल की वसूली , अवैध कनेक्शनधारियों पर कसा शिकजा



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी उपखंड अधिकारी आर पी सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत में हाई लास लाइन को देखते हुए विद्युत चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में लोगों के घरों पर लगे मीटर को जांचा गया। मीटर में अत्यधिक भार की दशा में कई घरों पर क्षमता वृद्धि की गई। साथ ही साथ विद्युत बकायदाओं से राजस्व वसूली भी की गई। इसे लेकर पूरे नगर में हड़कंप मचा रहा। उपखंड अधिकारी आर पी सिंह ने बताया कि यह अभियान दो दिन और चलाया जायेगा जिसमें जिले के अधिकारी एवं जे ई टीम बनाकर घर घर चेकिंग अभियान चलायेंगे । विधुत विल न जमा करने पर कनेक्सन विच्छेदन तथा अवैध कनेक्शनधारियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी । टीम में इं सूरजभान सिंह,इं विनोद कुमार, इं ई मीटर इं अशोक कुमार,अवर अभियंता इं हरप्रसाद,इं के के वर्मा, अब्दुल्ला जी ,टीजी टू विनीत कुमार, राहुल,अजय राजा , सुनील, बृजभान सहित विधुत कर्मी रहे ।

# पत्रकार राघवेन्द्र के हत्यारों को गिरफ्तार कर साजिश रचने वालों का हो खुलासा- द्विवेदी

चित्रकूट ब्यूरोः सीतापुर जिले में पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में रविवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने शोक व्यक्त किया। साथ ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार करते हुए कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की।

जिला मुख्यालय में रविवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सीतापुर के महोली कस्बे के निवासी पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से जिले के सभी पत्रकारों में शोक व्याप्त है। हत्यारोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। स्व. राघवेन्द्र बाजपेयी ने कुछ दिन पूर्व धान खरीद में अनियमितता की खबरों का प्रकाशन किया था। इससे कुछ लोग उनसे नाराज थे। इसके चलते बीते शनिवार की दोपहर तीन बजे बाइक सवार तीन बदमाशों और थार गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उनका पीछा किया। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास बने ओवर ब्रिज पर पहले बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। मृतक पत्रकार के परिजनों के अनुसार लगभग 10 दिन पहले उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। दिन दहाड़े हुए इस हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस को तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए। साथ ही हत्यारोपियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। ऐसा न होने पर पत्रकार आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार को गोली मारने वालों को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। इस मौके पर जिले दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने त्रिवेणी संगम के पवित्र गंगा जल को किया वितरित

## फायर विग्रेड के वाहन से लाया गया पवित्र गंगा जल

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक द्वारा महाकुंभ 2025 प्रयागराज की समाप्ति के उपरान्त बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में लाये गये त्रिवेणी संगम प्रयागराज के पवित्र गंगा जल को जनपद के नागरिकों/पुलिस बल के परिवारों को वितरित किया गया है।

प्रयागराज महाकुंभ 2025 की समाप्ति के उपरांत पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जनपद में लाये गये त्रिवेणी संगम के पवित्र गंगा जल को बुधवार को फायर विग्रेड के वाहन से लाया गया, पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में आमजन व पुलिस परिवारों में वितरित किया गया है। महाकुंभ में किसी कारण वश न जा पाले वाले लोगो को पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा गंगाजल की बोतलें वितरित की गयी ताकि वह भी माँ गंगा से जुड़ी अपनी आस्था को महसूस कर सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धालुओं को महाकुंभ का अनुभव देना और उनकी श्रद्धा को और सशक्त बनाने के लिये किया गया है। इस दौरान इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, जिलाध्यक्ष भा.ज.पा राजकुमार जैन, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मतलूब हुसैन, प्रोजेक्ट नई किरण के सदस्य डा० दीपक चौबे, डा० एस.पी. पाठक व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मगण मौजूद रहे।

# योगाचार्य ने योग व्यायाम करने से पूर्व सूक्ष्म यौगिक व्यायाम करने की दी सलाह

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेरगंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने स्थूल योग व्यायाम करने से पूर्व सूक्ष्म यौगिक व्यायाम करने की सलाह दी। बताया कि सूक्ष्म योग एक ऐसा मौलिक योग पैकेज है, जिसमें शरीर के प्रत्येक अंग के लिए गतिविधियां हैं। इसे वार्म अप या बुनियादी व्यायाम भी कहते हैं।

योगाचार्य ने कहा कि इस सूक्ष्म योग को बॉडी स्कैन भी कहा जाता है। यह शरीर, मन, ऊर्जा और भावना को शुद्ध और रिचार्ज करके योग अभ्यास के आगे के साधनों के लिए अच्छी नींव तैयार करता है। साथ ही सभी जोड़ों को क्रमिक रूप से काम करने में मदद करता है। योगी धीरेंद्र ब्रह्मचारी द्वारा 48 सूक्ष्म यौगिक क्रियाएं बताई गई हैं। जिसे करने से शरीर के अंग, जोड़, मांसपेशियां, नाड़ियां, चक्र (विशेष ऊर्जा केंद्र) मजबूत, सजग और लचीले बनते हैं।



योगाचार्य ने पहला सूक्ष्म योग ह्यउच्चारण स्थल और विशुद्ध चक्र शुद्धिह्य का अभ्यास कराते हुए बताया कि इसे करने के लिए साम्यावस्था में खड़े होते हैं इसमें एड़ी पंजा मिलाते हैं, दोनों हाथ जंघाओं से सटाते हैं, करतल भाग अंदर की ओर होते हैं। पैरों से स्कंध तक का संपूर्ण भाग सीधा रखते हैं। गर्दन को सीधा रखने के लिए बाएं हाथ की कनिष्ठिका, अनामिका, मध्यमा और तर्जनी चारों को मिलाकर गले पर स्थापित करते हैं, जिससे करतल भाग अंदर की ओर रहे, साथ ही दाहिने हाथ की तर्जनी को बाएं हाथ की तर्जनी पर उल्टा रखते हैं। दोनों हाथ कंधों की सीध में रहते हैं। गर्दन को सीधी अवस्था में रखते हुए हाथों को बाजू में पूर्व की अवस्था में ले आते हैं। इस दौरान ध्यान विशुद्धि चक्र या कंठ पर केंद्रित रहता है। इस अवस्था में 25 बार लगातार सीने में श्वास भरते हैं और खाली करते हैं। बताया कि कंठ की समस्त नाड़ियों में वात, पित्त, कफ बिगड़ जाने से उच्चारण स्थल में अनेक दोष आ जाते हैं, जो सभी इस क्रिया को करने से शुद्ध और संतुलित हो जाते हैं। साथ ही हकलाना और तुतलाना ठीक होता हैं, वाणी मधुर हो जाती है। बताया कि यह सूक्ष्म योग संगीतज्ञों के लिए विशेष लाभदायक है। इसे करने से मस्तिष्क के विकार ठीक होते हैं और विचार शक्ति की वृद्धि होती है। बताया कि उच्च रक्तचाप की दशा में इसे धीरे-धीरे करना चाहिए।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन, विद्वानों ने व्यक्त किए विचार

चित्रकूट ब्यूरोः जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित भारतीय संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हुआ।

समापन सत्र में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ वंदना पाठक ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की पृष्ठभूमि में संस्कार महत्वपूर्ण हैं। महिला या पुरुष दोनों को अनुशासन में रहना चाहिए और यह संस्कार हमे भारतीय संस्कृति से नैसर्गिक रूप में प्राप्त होते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ सीमा सरकार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित भारत की मांग है। जिसमें महिलाओं के प्रति समाज की सोच संवेदनशील होनी चाहिए। प्रो विकास शर्मा ने कहा कि केवल महिला ही शोषित नहीं है, अधिकारों का दुरुपयोग करने पर पुरुषों का भी शोषण होता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुशील कुमार



शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिला और पुरुष संबंधी विवादों का सम्यक हल है, यदि संस्कृति पर ध्यान देकर हम पारिवारिक व्यवस्था को सुदृढ़ बना लें तो इस प्रकार की समस्याओं का कोई स्थान नहीं रह जाएगा। विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान विभाग प्रभारी डॉ अमिता त्रिपाठी ने कहा कि नारी और पुरुष दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं तथा एक दूसरे के पूरक हैं। निश्चित रूप से दोनों को एक दूसरे के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर पर्याप्त रूप से वाद-विवाद एवं संवाद होना चाहिए। जिससे कि प्राचीन काल से महिलाओं की पवित्र स्थिति को आज वर्तमान काल में भी साकार रूप में स्थापित किया जा सके और भारतीय संस्कृति के माध्यम से महिलाओं का सम्मान बरकरार रखा जा सके। संगोष्ठी के संयोजक डॉ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि गोष्ठी में 88 शोध पत्रों प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस मौके पर संगोष्ठी के संयोजक डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ गोपाल कुमार मिश्र, डॉ गुलाबधर, डॉ सुशील त्रिपाठी, डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ अरविंद कुमार, डॉ संजय कुमार नायक, डॉ आनंद कुमार, डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# ई पी के छात्र अंकित कुमार ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी किशनगढ़ अजमेर से गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

इंजीनियर पॉइंट स्कूल के छात्र रहे अंकित कुमार पुत्र श्री महेंद्र सिंह ग्राम बुराड़ी ने एमएससी फिजिक्स में सेंट्रल यूनिवर्सिटी अजमेर से गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इंजीनियर पॉइंट स्कूल खैरथल के निदेशक आजाद चौधरी ने बताया कि छात्र अंकित कुमार शुरूआत से ही मेधावी छात्र रहा है। अंकित के पिताजी नवोदय विद्यालय में कार्यरत हैं। छात्र ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी किशनगढ़ - अजमेर से फिजिक्स से




एमएससी कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। वर्तमान में अंकित कुमार सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा है।

ज्ञात रहे कुछ समय पूर्व बोर्ड के रिजल्ट के लिए विद्यार्थी सीकर कोटा जाया करते थे, जब से ई पी स्कूल खुला है तब से बच्चों का कोटा जाना रुक गया है। अब खैरथल के आस पास के अभिभावकों ने ई पी पर विश्वास किया है, ई पी की पूरी टीम अभिभावकों के विश्वास को बरकरार रखने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत कर रही है। इसलिए अब यहां फाउंडेशन के दम पर 12 वीं के साथ साथ आई आई टी/नीट/चार्टेड अकाउंट जैसे बड़े बड़े एग्जाम में प्रतिवर्ष बच्चों का सलेक्शन हो रहा है। स्कूल के टीचरों व विद्यार्थियों ने लगातार कड़ी मेहनत के दम पर खैरथल एजुकेशन हब बना है।

# विशेष शिक्षकों के नियमितकरण का फैसला

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल -तिजाराः माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था के लिए संपूर्ण देश में कार्यरत विशेष शिक्षकों के नियमितीकरण का फैसला दिया है माननीय न्यायालय के निर्णय अनुसार तीन सदस्यों की एक कमेटी बनाई जाएगी जो सभी प्रदेशों में कार्यरत विशेष शिक्षकों की योग्यताओं की स्क्रीनिंग और समीक्षा कर इनके नियमितीकरण की कार्यवाही करेगी

विदित है रजनीश पांडे बनाम भारत राज्य केस की सुनवाई में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने की व्यवस्था की है

सभी प्रदेशों में पिछले 15 से 20 साल दिव्यांग



विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य में लगे विशेष शिक्षकों का नियमितीकरण हो सकेगा

माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला संपूर्ण देश में विशेष शिक्षा के हित के लिए मील का पत्थर साबित होगा

विपिन प्रकाश शर्मा महामंत्री राजस्थान कर्मचारी महासंघ एकीकृत प्रदेश सरकार को दिव्यांग शिक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर



विशेष शिक्षा के हित के लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए

पवन कुमार शर्मा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान विशेष शिक्षक संघ ने फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए सुप्रिम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया

यह जानकारी राजस्थान विशेष शिक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा ने दी है

# कोयले की खरीदी में ज्यादा मुनाफा का लालच देकर बनाया पार्टनर, फिर कर दी 12.50 लाख की धोखाधड़ी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

सागर- सागर के मोतीनगर थाना क्षेत्र में मेहरबान ठाकुर ने संतोष कुमार शर्मा पर 12.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया। संतोष ने उसे महावीर लिमिटेड कंपनी में पार्टनर बनाने का लालच दिया और रुपये ट्रांसफर करवा लिए, फिर राजस्थान भाग गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सागर जिले के मोतीनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ 12.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। फरियादी मेहरबान ठाकुर ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी संतोष कुमार शर्मा ने उसे महावीर लिमिटेड कंपनी में पार्टनर बनाने का लालच दिया और 2022 में इसके लिए उसे 12.50 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए राजी किया।

मेहरबान ने बताया कि वह कोयले की सप्लाई का काम करता था और संतोष से कोयला खरीदता था। संतोष ने उसे कंपनी में पार्टनर बनाने के लिए विश्वास दिलाया और फिर उसके बैंक खाते में चेक के माध्यम से रुपये ट्रांसफर करवा दिए। इसके बाद संतोष ने करीब दो साल तक काम किया, लेकिन उसने कभी भी किसी तरह का हिसाब नहीं दिया। बार-बार पूछने पर संतोष ने टालमटोल किया और ज्यादा कोयला खरीदने का बहाना बनाता रहा।

फिर 24 अप्रैल 2024 को संतोष ने सागर से राजस्थान जाने की बात कहकर अपना सामान पैक किया और वहां चला गया। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला। संतोष के जाने के बाद मेहरबान को एहसास हुआ कि वह धोखा खा गया और उसने 12.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। मेहरबान ने इस घटना की शिकायत पुलिस थाने में दी और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने संतोष कुमार शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है, और पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए प्रयासरत है।

# राजस्थान में थर्ड ग्रेड शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू, अभ्यर्थियों में उत्साह

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

**खैरथल।** राजस्थान में थर्ड ग्रेड शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया आखिरकार शुरू हो गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा की तिथि और रिजल्ट जारी करने की तारीख घोषित कर दी है, जिससे अभ्यर्थियों में उत्साह है। यह परीक्षा केवल फ़एएळ पास अभ्यर्थियों के लिए होगी। भर्ती



परीक्षा 17 से 21 जनवरी 2026 के बीच आयोजित होगी, और परिणाम 10 जुलाई 2026 को घोषित किया जाएगा। लंबे समय से शिक्षक बनने का सपना देख रहे अभ्यर्थियों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है।

# बाड़मेर और बीकानेर की दो बेटियों ने त्यागा सांसारिक जीवन, जैन दीक्षा लेकर अपनाया संयम

बाड़मेर । दीक्षा से पहले दोनों मुमुक्षुओं ने सांसारिक वस्तुओं का त्याग कर दान दिया। परिवारजनों ने विजय तिलक कर उनका आशीर्वाद लिया। रजोहरण मिलने के बाद, उन्होंने आभूषण और रंगीन वस्त्र त्यागकर साध्वी वेश धारण किया। जैन समाज में रविवार को एक भावनात्मक दृश्य देखने को मिला जब दो युवतियों ने सांसारिक जीवन को त्यागकर जैन दीक्षा ग्रहण की। बाड़मेर की मुमुक्षु सेजल बोथरा और बीकानेर की चित्रा पारख ने अपने परिवार की उपस्थिति में जैन धर्म के उच्चतम सिद्धांतों को अपनाते हुए संयम जीवन का व्रत लिया। यह जैन समाज के लिए अपने आप मे गौरव का क्षण रहा। बाड़मेर की सेजल बोथरा और बीकानेर की चित्रा पारख ने रविवार को शहर के महावीर वाटिका में खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वर जी, अचलगच्छाधिपति आचार्य जिनकलाप्रभसूरीश्वरजी सहित जैन मुनियों और साध्वियों की उपस्थिति में दीक्षा ग्रहण की।

दीक्षा से पहले, मुमुक्षुओं ने अपने सांसारिक जीवन की वस्तुओं का त्याग किया और दोनों हाथों से दान किया। परिजनों ने मुमुक्षुओं का विजय तिलक किया। आचार्य श्री ने दोनों मुमुक्षुओं को रजोहरण देते हुए सांसारिक और संयम जीवन के बीच के अंतर को समझाया। दोनों मुमुक्षुओं ने संयम जीवन अपनाने की इच्छा व्यक्त की। रजोहरण मिलते ही मुमुक्षु खुशी से झूम उठे और उन्होंने अपने आभूषण और रंग-बिरंगे वस्त्र त्याग दिए। नए वस्त्र पहनकर पांडाल में लौटने पर, लोगों में उन्हें देखने के लिए जैन समाज के लोगो मे उत्साह नजर आया।

# खैरथल श्री खाटू श्याम रंग रंगीला का दो दिवसीय फाल्गुनी उत्सव

## शहर में निकली भव्य निसान यात्राः जागरण भण्डारा आज

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल : पुरानी मंडी स्थित श्याम मंदिर मे दो दिवसीय फाल्गुनी उत्सव का आयोजन शुरू हुआ शहर मे भव्य निशान यात्रा निकाली गई। सैकड़ों भक्तो का निसान के साथ गाजे बाजे के साथ भक्ति और सेवा का एक अनूठा संगम, श्री खाटू श्याम रंग रंगीला फाल्गुन मेला इस वर्ष भी भव्यता के साथ जारी है।

शहर के श्री श्याम मंदिर पुरानी अनाज मंडी से विशाल श्याम निसान ध्वज यात्रा खैरथल के खाटू धाम मंदिर से शुरू होकर चालीस फुटा,किशनगढ रोड,मातोर रोड होकर तिरंगा मार्केट होती हुई मंडी श्याम मंदिर पहुची । श्याम निसान ध्वज यात्रा का कस्बे के विभिन्न मार्गो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जगह जगह लोगो ने प्रसाद वितरण किया रविवार शाम पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री



श्याम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद विशाल श्याम निसान ध्वज यात्रा निकाली गई,जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस मंदिर को पहुंची ।डी जे की धुन पर श्याम प्रेमी नाचते गाते नजर आए। सैकड़ों श्याम प्रेमी द्वारा शीश के दानी के जयकारे के साथ उत्साह पूर्वक कस्बे में चले इस अवसर पर श्याम प्रेमी कमल शर्मा, रजनीश बंसल, राकेश प्लांटू,भीम तिवारी, राजीव शर्मा,अमन शर्मा, नवीन शर्मा,नमन गुप्ता, ऋषिराज अग्रवाल,जे पी तिवारी, श्याम सुंदर खंडेलवाल, राहुल,पंडित बिल्लू शर्मा सहित महिलाएं और बच्चे श्याम प्रेमी ध्वज निसान यात्रा में मौजूद रहे।

श्यामप्रेमी कमल शर्मा, रजनीश बंसल ने बताया सोमवार रात्रि मे जागरण होगा बाबा के जागरण मे देश के प्रसिद्ध श्याम भजन गायक बाबा का गुणगान करेगे सोमवार शाम को विशाल भण्डारे का आयोजन होगा जिसमे हजारों लोग प्रसादी ग्रहण करेगे

# श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में एसआरएमएस फ्रैंडशिप कप सीजन 3 का शानदार समापन

## एसआरएमएस किंग्स ने जीता फ्रैंडशिप कप




एनपीटी ब्यूरो

बरेली। आइएमए बरेली को सात विकेट से हरा कर एसआरएमएस किंग्स ने फ्रैंडशिप कप जीत लिया। अंतिम गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में एसआरएमएस किंग्स ने फ्रैंडशिप कप हासिल किया। फाइनल मैच जीतने के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए एसआरएमएस किंग्स के कप्तान आदित्य मूर्ति को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 3 छक्कों की मदद से 14 गेंदों पर 33 रन बनाने के साथ एक विकेट लिया और एक खिलाड़ी को रन आउट किया। टूनार्मेंट के 6 मैचों में एक शतक के साथ 207 रन बनाने के लिए आइएमए बरेली के डा. अनिल गंगवार को मैन ऑफ सीरीज चुना गया। 193 रन बनाने वाले आईडीए के डा. सलिल बलदेव बेस्ट बैट्समैन और 10 विकेट लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के सुधांशु सक्सेना बेस्ट बॉलर बने। टूनार्मेंट के पांच मैचों में बेहतर फील्डिंग कर 5 कैच लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के डा. महेश त्रिपाठी बेस्ट फील्डर चुने गए। आइडीए बरेली की टीम को दिया गया फेयर प्ले अवार्ड दिया गया।

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को एसआरएमएस फ्रैंडशिप कप सीजन 3 का फाइनल मुकाबला हुआ।

# नाम चाहिए तो काम करना होगा : शिवचरन कश्यप

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली सपा : 2027 के लक्ष्य को अगर भेदना है तो पी.डी.ए चर्चा कार्यक्रम को लक्ष्य बनाकर पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर काम करना होगा, पार्टी का पद लेकर घर बैठने से काम नहीं चलेगा नाम चाहिए तो काम करना होगा यह हिदायत जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने पार्टी की मासिक बैठक में दी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिवचरन कश्यप ने कार्यकताओं को सक्रिय रहनें की नसीहत देतें हुए पी. डी. ए चर्चा कार्यक्रमों को आयोजित करने की

पार्टी कार्यालय पर आयोजित जिला व महानगर संगठन की मासिक बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने व संचालन महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा जनता के सम्पर्क में




रहनें के लिए पी. डी. ए कार्यक्रमों को आयोजित करने की हिदायत दीं, वही उन्होंने कहा यह लोग भगवान राम को मानने का ढोंग करते हैं और उन्हीं के दूसरे स्वरुप भगवान कृष्ण के बंशज राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री आवास छोड़ने पर उसे गंगाजल से धुलवातें हैं। यह लोग समाज को धर्म और जाति के नाम पर बाँटने का गलत काम कर रहें हैं जिसे सपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

इस कड़ी में महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि पी. डी. ए चर्चा कार्यक्रम ने जनता के बीच हमारी पकड़ और मजबूत की हैं।

बैठक में विचार रखते हुए पूर्व विधायक विजय पाल सिंह ने कहा बहुजन समाज पूरी ताकत के साथ अखिलेश यादव जी को मजबूत करने में जुट गया है और 2027 में यह बहुजन समाज सपा की सरकार बनाकर ही दम लेगा।

पूर्व महापौर और कैंट विधानसभा से प्रत्याशी रहीं सुप्रिया ऐरन ने कहा लोकसभा चुनाव में पीडीए समाज ने हमारा जिस तरह से साथ दिया उसी बजह से हम देश की तीसरी और प्रदेश की एक नंबर की पार्टी बन गए हैं।

मासिक बैठक में शहर विधानसभा से प्रत्याशी रहे राजेश अग्रवाल,पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल, उपाध्यक्ष खालिद खान, राजेश मौर्या, डॉक्टर शफीकउद्दीन, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजिनियर अनीस अहमद, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव रणवीर जाटव, डॉ. अनीस बेग, पार्षद दल प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत होनें पर रणवीर सिंह जाटव का पार्टी पदाधिकारियों ने मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मासिक बैठक के पश्चात पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के स्वर्गीय पुत्र अमित गंगवार तथा महानगर उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार की स्वर्गीय माता प्रेमवती जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख श्रद्धां सुमन अर्पित किए।

# पर्यावरण मंत्री ने किया नारियों को पौधे बांटकर सम्मान नारी विशेषांक का किया विमोचन

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में महिला दिवस पर रोटरी भवन में महिला उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डा. अरुण कुमार ने नारियों की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि नारी से ही सृष्टि चल रही है और नारी ही सृष्टि की अनुपम कृति है। नारी दिवस पर ,समाज सेविका प्रियंका कपूर अनुराधा, अनामिका मिश्रा, शिक्षाविद आशा शुक्ला सहित 35 से ज्यादा कर्मशील महिलाओं को सम्मानित किया गया। संरक्षक डा. अरुण कुमार, के.बी.अग्रवाल,क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, महासचिव प्रदीप माधवार,सत्येन्द्र सक्सेना ने सभी महिलाओं को शाल,पटका और पौधे देकर सम्मानित किया। विविध संवाद के नारी विशेषांक का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। अति विशेष उपलब्धियों के लिए सत्येन्द्र सक्सेना एडवोकेट को लाइफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड दिया गया। सम्मान स्वरूप शाल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह वनमंत्री डा. अरुण कुमार और के.बी.अग्रवाल ने सम्मानित किया। गीत-संगीत का कार्यक्रम भी हुआ जिसमें गायकों ने एक से एक सुंदर गीत प्रस्तुत किये। प्रकाश चंद्र सक्सेना ने संचालन किया।डा. आलोक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सीएम आवास पर तैनात पीएसी जवान की बरेली में मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। मीरगंज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गूला रेलवे फाटक के पास बरेली-मुरादाबाद रेलवे ट्रैक पर एक शख्स का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर जाकर जांच की। शव के पास एक मोबाइल मिला जो लॉक था। थोड़ी देर बाद उस पर कॉल आई तो पता चला कि मरने वाला शख्स 47 बटालियन एच दल पीएससी गाजियाबाद का सिपाही अंकुर कुमार है। अंकुर पुत्र राकेश कुमार निवासी गांव मनोरा थाना सिखेड़ा जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। इंस्पेक्टर मीरगंज प्रयागराज सिंह के मुताबिक अंकुर सीएम योगी के आवास पर लखनऊ में ड्यूटी कर रहा था। वह ट्रेन मे सफर करते गिरा या फिर उसके साथ कोई साजिश की गई है, इन बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्राप्त मेमो के आधार पर पंचायतनामा की कार्रवाई की गई है। सिपाही के परिजनों को सूचित कर दिया गया। उनके यहां आने पर ही ज्यादा जानकारी हो सकेगी।

# मेरो बलमा बड़ो सयानो ठंडो कोको कोलो...पर झूमे लोग

## शामली महोत्सव में रूचिका जांगिड की प्रस्तुति से खूब बजी तालियां, भव्य हुआ आयोजन , उमडी भारी भीड़

### राकेश श्रीवास्तव ने मैजिक शो तो सौरभ-गौरव मिश्रा की जोडी ने शिव तांडव से जीता मन

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कालेज में चल रहे शामली महोत्सव में शनिवार की रात रूचिका जांगिड के हरियाणवी गानों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रूचिका जांगिड के मेरो बलमा बड़ो सयानो ठंडो कोको कोलो ल्यायो गाने पर लोगों ने जमकर तालियां बजाई। वहीं अन्य कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। जानकारी के अनुसार शहर के वीवी पीजी कालेज में चल रहे शामली महोत्सव में शनिवार की रात मुख्य अतिथि एडीजी मेरठ ध्रुवकांत ठाकुर का जिला प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशाल कैराना द्वारा संगीत में अपने हुनर का प्रदर्शन किया गया। इसके





बाद जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने अपने मैजिक शो से जादू की दुनिया का अद्भुत अहसास कराया। कार्यक्रम में बनारस के दो भाईयों सौरभ और गौरव मिश्रा ने भव्य शिव तांडव की झांकी प्रस्तुत कर



सबका मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी। इसके बाद लेजर शो के माध्यम से रामायण की कथा सुनाई गई। महोत्सव में श्री सत्यनारायण इंटर कालेज के बच्चों द्वारा लव-कुश की भव्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके बाद हरियाणा से आई रूचिका जांगिड द्वारा मेरो बलमा बड़ो सयानो ठंडो कोको कोलो ल्यायो, मेरा चून्दड़ मंगा दें हो नणदी के बीरा आदि गानों पर अपनी भव्य प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। इसके बाद इंडियन आइडल गायक नितिन कुमार ने संगीत में अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी रामसेवक गौतम, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम संतोष कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव, एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज, जिलाअर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी डा. हरेन्द्र सहित जनपद के अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक व बडी संख्या में लोग भी मौजूद रहे।

# त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं :सीओ

## होली व जुमा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** पुलिस प्रशासन ने होली व जुमा की नमाज को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए दोनों समुदायों के संभ्रांत लोगों के साथ इमामगेट व किलागेट पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित की। रविवार को प्रशिक्षणाधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कस्बे की इमामगेट व किलागेट पुलिस चौकी में दोनों समुदायों के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक आयोजित की।इस दौरान सीओ जितेंद्र कुमार ने कहा कि जुमा व होली का पर्व एक ही दिन मनाया जाना है,जिसे लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।दोनों ही पर्व को शांति एवं आपसी सौहार्द के साथ दोनों समुदाय के लोग मिलकर मनाएं और एक बार फिर एकता की



अनोखी मिसाल पेश करें। उन्होंने कहा कि होली के दौरान किसी भी पाटकर हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ मुस्लिम समाज के लोग शांति के साथ नमाज जुमा अदा करें। मस्जिदों के बाहर किसी भी प्रकार की भीड़ जमा न होने दें,जिससे कोई अप्रिय घटना घट सके। सभी मस्जिदों के अंदर ही जुमा की नमाज अदा करें। उन्होंने दोनों ही समुदायों के धार्मिक गुरुओं से धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकरों की ध्वनि को सीमित करने का आग्रह भी किया और असमाजिक तत्वों के जानकारी पुलिस को देने की अपील की।

# पलके-पलके बिछाएंगे, जब श्याम बाबा घर आएंगे....

## श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा छठां श्री श्याम रंग रंगीलो फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर छठां श्री श्याम रंग रंगीलो फाल्गुन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाबा का भव्य एवं सुंदर दरबार रहा। कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर शनिवार की रात श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा छठां श्री श्याम रंग रंगीलो फाल्गुन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन हरीश नामदेव ने किया। कोलकाता से आए भजन कलाकार सौरभ शर्मा ने पलके-पलके बिछाएंगे, जब श्याम बाबा घर आएंगे, कीर्तन की है रात, बाबा आज तुझे आना है, आकर फिर नहीं जाना है, हारे का तू है सहारा सांवरे सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कटिहार से आए



भजन गायक आदर्श दाधिच ने हाथों में लेकर निशान चला रे मैं तो बाबा के द्वार चला रहे, मैं तो श्याम बाबा के द्वार चला रहे, आयो सांवरिया सरकार नील पर चढके के घोडे पर चढके, क्यूं घबराऊं मैं मेरा तो श्याम से नाता है, सुनाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। हरीश नामदेव ने जब से दुनिया के दुख दूर हमारे हो गए तब से हम श्याम बाबा के हो गए, पलके ही पलके बिछाएंगे जब श्याम बाबा घर आएंगे, आ गया फाल्गुन मेला अब तो शोर होना चाहिए, आदि भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाबा का सुंदर एवं आकर्षक दरबार रहा।बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद भी अर्पित किया गया। कार्यक्रम में केवीआर म्युजिकल ग्रुप कोलकाता ने भी अपनी प्रस्तुति दी। देर रात तक श्रद्धालु भजनों में डूबे रहे।

# महिला से छेडछाड के मामले में तीन आरोपितों पर मुकदमा

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि पीड़िता अपने घर के आंगन में स्नान कर रही थी। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही अंकित, नितिन व आकाश छत के रास्ते पहुंचे और पीड़िता को स्नान करते हुए देखने लगे। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी। शोर शराबा होने पर पीड़िता का पति भी मौके पर आ गया था। आरोप है कि तीनों युवकों ने पीड़िता के पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़िता ने अपना और अपने पति का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना पर भारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# दुकानदार को मारपीट कर किया घायल,दी तहरीर

एनपीटी संवाददाता

**कैराना।** चार दबंग युवकों ने दुकानदार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला अफगानान निवासी जुनैद पुत्र नवाब ने कोतवाली पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन की शादी कस्बे के मोहल्ला गुलशन नगर में हुई है। बताया कि मेने मोबाइल रिपेरिंग की दुकान भी मोहल्ला गुलशन नगर में कर रखी है। आरोप है कि उसकी बहन का देवर आबिद पुत्र अलमदीन अपने साथ तीन लोगों को लेकर दुकान पर पहुँचा और आते ही गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने दुकानदार के साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उधमसिंह स्टेडियम में खेल महोत्सव का समापन

## बैडमिंटन, शूटिंग, वालीवाल, कबड्डी में खिलाडियों ने किया शानदार प्रदर्शन

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** शामली महोत्सव के तहत शहर के उधमसिंह स्टेडियम में शामली खेल महोत्सव प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान खिलाडियों ने अपनी-अपनी स्पधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिला उप क्रीडाधिकारी अश्वनी कुमार त्यागी ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से प्रथम बार आयोजित भव्य शामली महोत्सव के तहत उधमसिंह स्टेडियम में शामली खेल महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बैडमिंटन, शूटिंग, वालीवाल, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में शामली जनपद के खिलाडियों ने उत्साह से भाग लिया। खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम संतोष कुमार सिह, विशिष्ठ अतिथि जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष हरवीर मलिक ने किया। मुख्य अतिथि एडीएम संतोष कुमार सिंह ने कहा कि खिलाडियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अपने जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करना चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी खिलाडियों व खेल सुविधाओं को प्रोत्साहित करने में



हरसंभव व्यवस्था उपलब्ध करा रहे हैं। वालीवाल प्रतियोगिता में बनत की टीम ने 21-12, 21-15 से रेलपार की टीम को शिकस्त दी। वहीं बुटराडी टीम ने अटल विहार टीम को 21-10 व 21-12 से पराजित किया। दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं कबड्डी में पहला सेमीफाइनल मैच भभीसा और भारसी के बीच हुआ जिसमें भारसी ने भभीसा को 17-15 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल स्टेडियम और झिंझाना के बीच हुआ जिसमें स्टेडियम ने झिंझाना को 25-15 से शिकस्त दी। फाइनल मैच भारसी और स्टेडियम के बीच हुआ जिसमें भारसी ने स्टेडियम को 31-30 से हराया। वहीं शामली महोत्सव के तहत शामली रायफल क्लब पर आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता के एयर रायफल आईएसएसएफ पुरुष वर्ग में गौरव राजपूत व एयर पिस्टल एनआर महिला वर्ग मं रीतू चौधरी अपने-अपने वर्ग में बढत बनाए हुए हैं। एयर पिस्टल आईएसएसएफ पुरुष वर्ग में रचित चौधरी बढत बनाए हुए है। इस मौके पर संजू मलिक, कबड्डी प्रशिक्षक संजीव कुमार, मुकेश चौधरी, आशीष त्यागी, शिवम मलिक, दीपक चौधरी, भरतवीर चौधरी, प्रशांत मलिक, संदीप पंवार, कमलवीर एडवोकेट, तपन मलिक, नितिन वर्मा, अभय राणा, सिम्पल चौधरी, गौरव खैवाल, अमित बेनीवाल, मनीष कालखंडे आदि भी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार :

### रक्त सेवा ट्रस्ट के शिविर में 70 लोगों ने उत्साह से किया रक्तदान



शामली। धीमानपुरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रक्त सेवा ट्रस्ट द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को विधायक प्रसन्न चौधरी ने हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार रक्त सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को धीमानपुरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है क्योंकि रक्तदान करने से हम किसी की जिंदगी को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान जरूर करना चाहिए, रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि शरीर रक्त की पूर्ति अपने आप कर लेता है। शिविर में 70 लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को विधायक व संस्था के पदाधिकारियों ने हेमलेट व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कमलकांत धीमान, विकास धीमान, प्रवीण पांचाल, सोनू पांचाल, प्रदीप विश्वकर्मा, अजय जांगिड, महेश धीमान, राजेंद्र स्वामी, अमित विश्वकर्मा, विनीत पांचाल, सन्नी पांचाल, रवि संगल, दीपक संगल सुंदर धीमान, राजेश जांगिड, आदि का भरपूर सहयोग रहा।

### होली मिलन का आयोजन, महिला सम्मानित

शामली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नगर पालिका में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। रविवार को संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता फोरम के जिला जज हेमंत कुमार, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, संगठन के प्रदेशाध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग व नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल रहे। मुख्य अतिथि जज हेमंत कुमार ने कहा कि नारी शक्ति हमारे देश की शक्ति है हमें वर्ष में एक दिन नहीं बल्कि पूरे वर्ष के हर दिन में नारी का सम्मान करना चाहिए। चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि देश की महिला मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी के रूप में वंदनीय पूजनीय है सभी तीनों शक्तियां महिला शक्ति में समायोजित है। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि नारी शक्ति वर्ष के मात्र एक दिन ही नहीं बल्कि वर्ष के हर दिन में पूजनीय व वंदनानीय है। इस अवसर पर सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, रवि संगल, महेश धीमान, अनुज गोयल, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुदेश संगल, शशि अरोड़ा, स्नेहलता गर्ग, रश्मि गर्ग, ऋतु जैन, शिखा गोयल आदि उपस्थित रहे।

### गमी में जा रहे भाई-बहन की सड़क हादसे में मौत

कांधला। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी गमी में शामिल होने जा रहे चचेरे भाई-बहन की बाइक फिसलने से कैराना क्षेत्र के ऊंचा गांव में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मृतक युवक का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को कैराना सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। एक ही परिवार में दो मौत होने से परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों ने दोनों मृतकों के शवों को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी मोबीन की रिश्तेदारी कैराना क्षेत्र के तीतरवाडा में है। शनिवार को मोबिन के साले की मौत हो गई थी। सूचना पर मोबिन का परिवार मौके पर पहुंच गया था, बाद में मोबिन का भतीजा समीर व मुनव्वर पुत्रगण राशिद अपनी चचेरी बहन जोया पुत्री मोबिन के साथ बाइक पर सवार होकर गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही तीनों बाइक सवार कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव ऊंचा गांव बिजली घर के निकट पहुंचे तो अचानक से बाइक स्लिप हो गई। बाइक स्लिप होने से बाइक सवार समीर व जोया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी।108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को कैराना सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चचेरे भाई बहन की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना किसी कार्रवाई के दोनों शवों को घर ले आए। रविवार को परिजनों ने गमगीन माहौल में दोनों मृतकों के शवों को सुपुर्द ए खाक देख कर दिया है।

### मनहारखेड़ा समिति ने मनाया होली मिलन समारोह

जलालाबाद। कस्बे के लुहारी रोड गोसाई वाला तालाब निकट स्थित देवतेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर प्रातः में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ जिसके पश्चात मनहर खेड़ा दुर्ग कल्याण समिति ने होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। मनहारखेड़ा दुर्ग कल्याण समिति के तत्वाधान में प्राचीन समय में मनहारखेड़ा(जलालाबाद) में खुदाई के दौरान प्राप्त भगवान सूर्य की प्राचीन मूर्ति के समक्ष प्रातः में प्रयागराज से पधारे पंडित प्रमोद जी द्वारा हवन यज्ञ कराया गया। जिसमे यजमान स्वरूप समिति के सचिव भानु प्रताप, विहिप जिला अध्यक्ष प्रदीप पुंडीर, संजय, दीपक, डा. विक्रम सिंह, राकेश आदि समिति सदस्य व सैकड़ों क्षेत्र वासियों ने सामूहिक रूप से यज्ञ में आहुति दी।

# ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताडित करने का आरोप

### थानाभवन निवासी विवाहिता ने ससुरालियों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** थानाभवन निवासी एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताडित करने व गला दबाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। थानाभवन के मौहल्ला लाल मस्जिद निवासी सदफ ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी वर्ष 2018 में मेरठ निवासी शहजाद पुत्र शफात के साथ हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने काफी दान दहेज भी दिया था लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज के लिए उसे प्रताडित करना शुरू कर दिया। उसका पति बाहर फेरी लगाकर मजदूरी करता है। उसके बाहर जाने के बाद उसका देवर शादाब, शाहवेज, ननद शहजादी, रानी, आयशा, मलका, शीबा, ससुर शफात उसे प्रताडित करते तथा उसके पति शहजाद पर तलाक देने का दबाव बनाते। जब उसने अपने ननदोई जमीर, बाबर, वसीम, मुबीन से शिकायत की तो उन्होंने भी उसे धमकाया तथा उसके साथ छेडछाड करते हुए गले में दुपट्टा डालकर जान से मारने की कोशिश की। उसने किसी तरह अपने भाई को मामले की सूचना दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 105 मरीजों की जांच कर 95 मरीजों को वितरित किए चश्मे



शामली। रविवार को लोक स्वास्थ्य सेवा समिति द्वारा अस्पताल रोड पर 86वें निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने किया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अब्दुल बासित द्वारा 105 मरीजों की जांच कर 95 मरीजों को चश्मों के नंबर दिए जिसके बाद मरीजों को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया, साथ ही आंखों की देखभाल के उपाय भी बताए गए। इस मौके पर संजय कुमार त्यागी, रवि संगल, नरेन्द्र, उस्मान, अशोक बाबू, नबील, पवन संगल भी मौजूद रहे।

# माथे पे चाहे जो लिखा हो मगर सीने में हिन्दुस्तान होना चाहिए...

## वीवीपीजी में चल रहे शामली महोत्सव में अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन, प्रख्यात शायरों ने अपने-अपने कलाम पेश कर लगाए चार चांद

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कालेज में चल रहे शामली महोत्सव में अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे में प्रख्यात शायरों ने अपनी रचनाएं सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर शायरों को सम्मानित भी किया गया।

शहर के वीवी पीजी कालेज में आयोजित शामली महोत्सव में शनिवार की रात अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम संतोष कुमार सिंह व प्रख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी ने संयुक्त रूप से शमां रोशन कर किया। मुशायरे में देश के प्रख्यात शायरों ने भाग लिया। प्रख्यात शायर नवाज




देवबंदी ने शामली महोत्सव की बधाई देते हुए कहा रोशनी आ कुछ न कुछ इनकाम होना चाहिए, बंद कमरे में भी रोशनदान होना चाहिए, आपके माथे पे चाहे जो लिखा हो मगर आपके सीने में हिन्दुस्तान होना चाहिए। मशहूर शायर खुर्शीद हैदर ने कहा गैर परों पर उड सकते हैं हद से हद दीवारों तक, आसमान तक वही उडेगा जिसके अपने पर होंगे। प्रसिद्ध कवि प्रदीप मायूस ने कहा भले नफरत हो जितनी भी, यूं तेरे जहन में जालिम, मुहब्बत का हसीं ये कारवां तो रुक नहीं सकता, तू कितनी कोशिशें कर लें, मगर ये कोल है अपना, हमारे देश का झंडा



कभी भी झुक नहीं सकता। आगरा से आई वरिष्ठ शायरा डा. आरिफा शबनम ने कहा मैने कोई सूरज कोई तारा नहीं देखा, होता है कैसा दुनिया का नजारा भी देखा। प्रसिद्ध हास्य शायर जहाज देवबंदी ने अपने अंदाज में लोगों को हंसाते हुए लोटपोट पर दिया। प्रसिद्ध शायर अंसार सिद्दीकी ने कहा मैने सोचा था कि उसके ख्वाब में शिरकत करूं, क्या खबर थी आज वो भी जागता रह जाएगा। मुशायरे में योगेन्द्र सुंदरियाल, मनु बदायूंनी, जुनैद अख्तर कांधलवी, वसीम झिंझानवी, कौसर जैदी, नवाजिश नजर, अरुण शर्मा, मीनाक्षी दिनेश, डा. अनुराग शर्मा ने भी अपनी-अपनी रचनाओं से सबका मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर एडीएम संतोष कुमार सिंह ने भी अपना कलाम पेश करते हुए कहा मेरे एक हाथ में जम जम दूजे में गंगा हो, जब मेरा दम निकले तो मेरा कफन तिरंगा हो। कार्यक्रम में सुरजीत सिंह, गौरव विवेक, आस मौहम्मद, लवली सिंह टांक, सुधीर जगधर भी मौजूद रहे।



# अटल बिहार में प्रजापति भवन का लोकार्पण

शामली। प्रजापति जन कल्याण सेवा समिति द्वारा अटल विहार में प्रजापति भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों का शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार प्रजापति, बीकरपुर पंजाब, रामकुमार, प्रसन्न चौधरी, राजेश्वर बंसल, अरविन्द संगल, विजय कौशिक, मनमोहन गजेवाल, राजेश्वर प्रसाद, अपलेश एडवोकेट, बुद्धप्रकाश, बिजेन्द्र कुमार, मा. प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, आशीष कुमार, सुनील कुमार, रमेश, सुदर लाल, सतीश कुमार फौजी मौजूद रहे।

**आरसीसी ने कुतुबगढ इलेवन को हराया:** जलालाबाद। जलालाबाद के गौशाला मैदान पर रविवार को रोड प्रीमियर लीग के लीग मैच मे आरसीसी दिल्ली व कुतुबगढ इलेवन के बीच मुकाबला हुआ हेमंत चौधरी के ताबडतोड चौके व छक्को की बोछार के बीच मात्र 50 गेंदो पर बनाये गये 98 रनो व सचिन द्वारा 28 गेंदो मे बनाये गये 50 रनो के सहयोग से 15 ओवर के मैच मे 3 विकेट खोकर 196 रन का टारगेट रखा ।

## आवश्यकता है

**दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स** में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना चौसाना बिडौली गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
9082190000,9997173786

## मंईया सम्मान योजना की राशि मिलने से महिलाओं में खुशी का आलम

# हेमन्त सोरेन ने अटकलों पर लगाया विराम, अपात्र लाभुक हो




**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों के सत्यापन के दौरान रांची जिले के तमाड़ प्रखंड में फजीर्वाड़ा सामने आया है। सत्यापन के दौरान पता चला कि तमाड़ प्रखंड के पंडराजी गांव के कार्तिक पातर ने प्रज्ञा केन्द्र संचालक अपने भाई के साथ मिलकर 112 लाभार्थियों की सम्मान राशि एक ही बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी। जिसे लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। यूं तो चुनावी वादे के मुताबिक मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि एक हजार के बजाय ढाई हजार हेमन्त सरकार 2. 0 के द्वारा तरह- तरह की अटकलों को विराम देते हुए पहले एक साथ नवंबर - दिसंबर एवं दुसरी दफा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर एक साथ तीन महीने की राशि (यानी जनवरी, फरवरी व मार्च 2025 की राशि) महिलाओं के खाते में हस्तांतरित कर दिया है।

जिससे महिलाओं के चेहरे में मुस्कुराहट जगजाहिर है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि प्राप्त होने के पश्चात काफी चहल-पहल देखी गई। मगर गलत तरीके से योजना का लाभ लेने वालों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कारवाई भी प्रशासन करेंगी। जिससे गलत तरीके से मंईया सम्मान योजना की राशि ऐंठने वालों के लिए बेहतर रहेगा कि वे स्वयं अपने से इस सुविधा का लाभ लेने से परहेज करे। जिससे कानूनी शिकंजे से बच सके।

# स्थाई समाधान न होने तक तिलभिटा रेलवे फाटक को पूर्णतः बंद न करे- क्षेत्रवासी



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के सदर प्रखण्ड पाकुड़ क्षेत्र के तिलभिटा रेलवे स्टेशन के समीप बने अंडरग्राउंड सड़क मार्ग सहुलियत के बजाय समस्याओं का कारण बनते जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बरसात के समय करीब 4 महीने तक आवागमन बाधित हो जाता है। जिसका मुख्य वजह है कि बरसात का पानी अंडरग्राउंड मार्ग के निचले स्तर पर जाकर जमा हो जाता है और निकासी की जो व्यवस्था की गई है वह कार्य क्षमता से बाहर है। जिससे जल मग्न हो जाने के कारण लोग आवागमन नहीं कर पाते हैं। साथ ही भारी वहान/ गाड़ी का भी परिचालन उस मार्ग से नहीं कर पाते हैं। वर्तमान में पहले से अवस्थित रेलवे फाटक को स्थाई रूप से बंद करने की कवायद चल रही है। जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में बे वजह पनप रहे परेशानी की रोष जगजाहिर है। तिलभिटा रेलवे स्टेशन के समीप (संग्रामपुर - बिक्रामपुर मार्ग पर) पहले से अवस्थित रेलवे फाटक को स्थाई रूप से बंद करने के विरुद्ध स्थानीय लोगों के द्वारा विरोध जताया गया। इस वजह से पुलिस प्रशासन को भी स्थिति का जायजा लेना पड़ा। पुलिस ने आमजनों को समझा-बुझाकर शांत तो कराया। मगर क्षेत्र के सुविधार्थ में आवागमन से जुड़े समस्याओं का स्थाई समाधान हेतु ध्यानाकर्षण जरुरी है। वही लोगों का कहना है कि रेलवे फाटक तत्काल स्थाई रूप से बंद नहीं की जाए, क्योंकि अंडरग्राउंड मार्ग से बरसात के समय आवागमन करना बेहद दुश्वार हो जाता है। लोगों का कहना है कि इस रेलवे फाटक से भारी या बड़ी गाड़ी/वाहन का परिचालन आसानी से किया जा सकता है।

मगर रेलवे के अंडरग्राउंड मार्ग से बरसात के समय मोटरसाइकिल या आमजन भी पैदल नहीं चल सकते। क्योंकि 4 महीना पानी जमा रहता है। साथ ही अंडरग्राउंड मार्ग से बड़ी गाड़ी/ वाहनों का परिचालन नहीं की जा सकती। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब तक स्थाई समाधान नहीं होगा तब तक रेलवे फाटक को बंद न कर पहले की अवस्था में रखने की जरूरत है। ताकि क्षेत्र के आम-जन बेवजह परेशानी का शिकार न हो।

# जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से रुबरु हुए सांसद, समाधान का दिया निर्देश



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राजमहल लोकसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये सांसद विजय कुमार हसदा ने रविवार को पाकुड़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पाकुड़ परिसदन भवन में आयोजित जनता दरबार में जिले भर से आये आम- जनों समेत झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं (इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं) ने सांसद के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं को साझा किया। वही सांसद विजय हसदा ने उपस्थित आम-जनों व कार्यकताओं को आश्वस्त किया कि आप सभी के द्वारा द्वारा साझा की गई सभी समस्याओं का निष्पादन सम्बन्धित विभाग से यथाशीघ्र करा दी जायेगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारीयों स सभी समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन करने की हिदायत दी। वही सांसद विजय हसदा ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा /भ्रमण करते रहता हूं और जनता की समस्याओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को निराकरण करने की सदा प्रयास करता हूं। उन्हें ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। कहा जब भी राजमहल संसदीय क्षेत्र के दौरे पर होते हैं, लोगों की सुख-दुख में भी शामिल हुआ करते हैं। उन्होंने कहा राजमहल संसदीय क्षेत्र के कोई भी जानता जिन्हें जरूरत पड़े, वे बेहिचक हमें साझा करे, निश्चित रूप से उनकी जरूरतों के मुताबिक सम्बन्धित विभाग से शीघ्र ही निराकरण कराया जायेगा। जनता दरबार में संग्रामपुर- कुमारपुर के ग्रामीणों ने तिल बेटा स्टेशन के अंडरग्राउंड मार्ग में आए दिन हो रही समस्या को ले अवगत कराया। साथ ही पहले से मौजूद रेलवे फाटक को पूर्ण रूप से बंद न कर बड़ी वाहन वगैरह के लिए नियमित स्थिति में रखने की अवयवों को भी साझा किया। मौके पर जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम, साहेबगंज जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, फारुख शेख, हाबिबुर रहमान, मुस्लेहुद्दीन शेख, जौहर सिंह, जलालुद्दीन शेख अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम में परिचर्चा पर शामिल हुए तनवीर आलम समेत के० राजू व केशव महतो कमलेश



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं प्रखण्ड अध्यक्ष के साथ संगठन सृजन कार्यक्रम में परिचर्चा के लिए गोड्डा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यसमिति सदस्य सह- झारखण्ड प्रभारी के० राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के साथ झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। गोड्डा में आयोजित संगठन सृजन पर परिचर्चा कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आसरफूल शेख ने साहेबगंज जिलाध्यक्ष बरकतुल्लाह खान, पाकुड़ जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, पाकुड़ प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम अन्य ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया।

# मांग पूरी नहीं होने पर लेंगे परिचालन सम्बन्धी निर्णय, किसी भी क्षति की जवाबदेही बीजीआर/ डीबीएल कोल कम्पानी की ही होगी- ट्रक ऑनर



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ ज़िले के सदर प्रखण्ड पाकुड़ स्थित लड्डू बाबू आम बगान में शनिवार को आयोजित ट्रैक ऑनर एसोसिएशन, पाकुड़ की बैठक के दौरान विषयगत अवयवों को ले चचाओं के दौरान सामुहिक रूप से निर्णय लिया गया कि गाड़ी का ट्रिप और भाड़ा में बढ़ोतरी को ले बीजीआर कोल माइंस एंड डीबीएल कोल माइंस के प्रबन्धक को वस्तु स्थिति के संदर्भ में ज्ञापन सौंपकर समस्याओं की निष्पादन सप्ताह के दरमियान करने हेतु अनुरोध किया जायेगा। बैठक के दौरान ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि गाड़ी/ वाहन का ट्रिप लगभग 6 महीने से 30 से 35 ट्रिप ही हो पाता है और भांड़ा भी कम है।

कहा वर्तमान में 400 रुपया प्रति टन के दर से ही भाड़ा होने चाहिए, कारण वर्तमान दर से हमें घटे का सामना करना पड़ रहा है। पाकुड़ जिला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि यदि सप्ताह के दरमियान मांगों की समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आगामी 16 मार्च 2025 को होने वाली बैठक में एसोसिएशन ठोस कदम उठाते हुए गाड़ी का परिचालन सम्बन्धी निर्णय लेने को बाध्य होंगे, जिससे किसी भी क्षति की सम्पूर्ण जवाबदेही बीजीआर कोल माइंस/ डीबीएल कोल माइंस कम्पानी की ही होगी।

# भाजपा पाकुड़ इकाई ने आयोजित किया अटल विरासत सम्मेलन

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०),:भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय की अध्यक्षता में रविवार को पाकुड़ के हाटापाड़ा स्थित अपर्णा मार्केट कांप्लेक्स में झारखण्ड निमार्ता 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर ₹अटल विरासत सम्मेलन₹ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद जी शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में ही झारखंड को अलग राज्य का दर्जा मिला। अटल जी ने लोकसभा चुनाव के दौरान वादा किया था कि अगर भाजपा की सरकार बनी तो झारखंड को अलग राज्य का दर्जा मिलेगा और उन्होंने अपना वादा पूरा किया। अगर अटल जी नहीं होते, तो कांग्रेस झारखंड को अलग राज्य नहीं बनने देती और झारखंड अस्तित्व में नहीं आता। कहा अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को स्थिरता और सुशासन का माडल दिया और भारत को नव विकास की गारंटी दी. वह ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव आज तक अटल है। वह भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे. उनकी सरकार ने देश को आइटी और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया. उनके शासनकाल में ही तकनीक को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया गया। वही जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अंत्योदय योजना और स्वर्णिम चतुर्भुज जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स से देश को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर दिया। उन्होंने समाज के हर वर्ग, खासकर गरीबों, वंचितों और अनुसूचित जाति-जनजातियों को उनका अधिकार दिलाने का काम किया। उनका छह दशक का सार्वजनिक जीवन निष्कलंक रहा। जब विदेश मंत्री बनने के बाद जब संयुक्त राष्ट्र में भाषण देने का अवसर आया, तो भारत रत्न अटल जी ने हिंदी में अपनी बात कही। उन्होंने भारत की विरासत को विश्व पटल पर रखा। उन्होंने भाजपा की नींव तब रखी, जब कांग्रेस का विकल्प बनना आसान नहीं था। इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती मीरा प्रवीण सिंह,जिला महामंत्री रूपेश कुमार भगत, जिला महामंत्री श्रीमती सरिता मुर्मू,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सम्पा साहा,पूर्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शबरी पाल,हिसाबी राय, सपन दुबे,वरिष्ठ नेता अजीत रविदास, श्रीमती शमीर्ला रजक, सुकुमार मंडल, धनेश्वर साह, मनोरंजन सरकार, सुशांत घोष,पार्वती देवी, मनोरमा देवी, सुशील साह, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# ग्रामीणों ने पंचायत सचिव अन्य को बंधक बनाकर लगाया आरोप, मुखिया पति ने आरोपों को बताया निराधार




**एनपीटी ब्यूरो,**

पाकुड़ जिले के सदर प्रखणड क्षेत्रान्तर्गत पृथ्वीनगर पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया पति पर आवास दिलाने के नाम पर पैसा उगाही/ वसूली का आरोप लगाने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल शनिवार को पृथ्वीनगर पंचायत के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अवैध वसूली के आरोप में पंचायत सचिव, वीएलई और एक बिचौलिया को घंटों बंधक बना लेने से आखिरकार पुलिस के हस्तक्षेप पर बंधक बने तीनों को मुक्त कराया गया। हालांकि आक्रोशित ग्रामीण ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से आवश्यक जांच हेतु कारवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर बंधक की गई तीनों को सुरक्षित वहां से लेकर साथ चली गई। इस वृतांत को ले पृथ्वीनगर पंचायत के पूर्व मुखिया मो. अजहरूल शेख ने आरोप लगाया कि आवास के नाम पर मोटी रकम की अवैध वसूली की जा रही थी। कहा कि मुखिया पति सलीम शेख के इशारे पर लाभुकों से 15000, 20000 और 30000 रुपये तक की वसूली की जा रही थी। जो लोग पैसे नहीं दे पा रहे थे, उनके नाम सूची से काट दिया जाता था। उन्होंने कि पंचायत के ही इमाज शेख का नाम लिया, जिन्होंने अपना मोबाइल बेचकर पैसा दिया था, लेकिन पूरी रकम नहीं दे पाने के कारण उनका नाम लिस्ट से काट दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले लोग पंचायत सचिव की मौजूदगी में पैसे ले रहे थे। इसके बाद कई लाभुकों ने यह भी बताया कि पंचायत वार्ड सदस्यों ने भी आवास के नाम पर पैसा लिया। समीर शेख नामक व्यक्ति ने बताया कि पांच नंबर वार्ड के सदस्य इमाम ने पहले किस्त से 5000 रुपये और दूसरी किस्त से 10,000 रुपये लिए थे। वही हजीरा बेवा के बेटे इमाद ने भी 15000 रुपये अवैध वसूली की आरोप लगाया। कुछ अन्य लाभुकों ने भी आरोप लगाया कि मुखिया और वार्ड सदस्यों के द्वारा आवास के नाम पर मोटी रकम ली जा रही है। वही बंधक बनाये गये वीएलई अब्दुल रऊफ ने सफाई देते हुए बताया कि इल्जाम लगा रहे व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास के ऑनलाइन कार्य के लिए आए थे। जबकि पंचायत सचिव मो. नसीमुद्दीन शेख ने बताया कि सिर्फ सर्वे कर रहे थे और आवास के नाम पर पैसे लेने के आरोप की कोई जानकारी नहीं थी। वही मुखिया पति सलीम शेख ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यह सब राजनीतिक सड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि योजना के नाम पर पैसे वसूलने का आरोप गलत है और इसका उद्देश्य ग्रामीणों के बीच भ्रम फैलाना है। कहा पंचायत के विकास कार्यों को देख राजनीतिक सड्यंत्र कारियों का हृदय में गलत इश्यू पनप रही होगी कि कैसे पंचायत में इतने सारे विकास कार्य हो रहा है, आरोप लगाने वाले को बर्दाश्त नहीं होता होगा। वृतांत को ले प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने मामले की जांच कर कारवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सही पाए गये, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कारवाई की जायेगी।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी क्लब ने मारी बाजी

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय स्थित झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में नेहरू युवा केन्द्र लातेहार के बैनर तले बालिका वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी क्लब और मदर टेरेसा क्लब के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें इंदिरा गांधी क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। इस रोमांचक टूनार्मेंट का शुभारंभ प्रखंड उप प्रमुख निशा शाहादेव, टोंटी पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद होजैफा, नेहरू युवा क्लब के बबिता कुमारी,विद्यालय की वार्डन कांति कुजुर, शिक्षिका मालती कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। प्रतियोगिता के दौरान दोनों टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इंदिरा गांधी क्लब की टीम ने उत्कृष्ट रणनीति और शानदार तालमेल के साथ खेलते हुए मदर टेरेसा क्लब को 21 प्वाइंट से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों ने कुशलता, ताकत और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शक भी रोमांचित नजर आए।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रखण्ड सभागार में की गई कार्यक्रम

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ प्रखण्ड सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन भू-अर्जन पदाधिकारी, बीडीओ, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अन्य दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं की उत्थान व देश की तरक्की के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय बाराइक सिंह, बीडीयो समीर अल्फ्रेड मुर्मू व लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ मो. नुकुमुद्दीन शेख के द्वारा विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। सम्बोधन के दौरान महिला सशक्तिकरण की अहम पहलूओं पर भी रौशनी डाली गई। कार्यक्रम में विभिन्न कार्य क्षेत्र के प्रतिभा सम्पन्न महिलाओं को अधिकारियों के द्वारा सम्मानित भी किया गया। मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीआरओ तेतु राय, बीपीओ अजीत कुमार टुडू, पंचायत सचिव/ रोजगार सेवक, पीएलवी के सदस्य नीराज कुमार, जलसहिया, आंगनवाड़ी सेविकाएं सहित जेएसएलपीएस के दीदी व पाकुड़ स्वास्थ्य कर्मी अन्य उपस्थित रहे।

# आईटीएस मोहन नगर कैम्पस में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## महिला सशक्तिकरण आधारित सिम्पोजियम का हुआ आयोजन







नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। आईटीएस मोहन नगर (यूजी कैम्पस) में अंतर्राष्ट्रीय महिला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपने प्रयसों एवं उसके फलस्वरूप अपने आपको समाज में स्थापित करने वाली एवं समाज तथा देश के विकास में अपना अप्रतिम योगदान करने वाली महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव मनाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ₹सभी महिलाओं के लिए- अधिकार, समानता, सशक्तिकरण₹ विषय पर एक सिम्पोजियम का आयोजन किया। महिलाओं के प्रति प्रशंसा, सम्मान और प्यार की संस्कृति और जातीयता को गले लगाने के लिए, आईटीएस मोहन नगर यूजी कैम्पस ने द्रोणाचार्य सभागार में फॉर ऑल विमेन एंड गर्ल्सः राइट्स, इक्वालिटी, एंपावरमेंट के फोकल थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईटीएस ग्रुप की लेडी वाइस चेयरमैन लतिका चड्ढा, ऐल्प्स ग्रुप की फाउंडर एवं डायरेक्टर भारती तनेजा, लोक सभा टीवी की एंकर अमृता चौरसिया, रेडियो सिटी 91.1 एफएम पर रेडियो जॉकी दिव्या, सोशल एक्टिविस्ट, देवयानी मुखर्जी, आईटीएस मोहन नगर (यूजी कैम्पस एवं आईटी) के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की निदेशक डॉ अजय कुमार, आईटीएस मोहन नगर परिसर एमबीए पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ वीएन बाजपेई एवं कार्यक्रम के संयोजकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर आईटीएस मोहननगर (यूजी कैंपस एवं के निर्देशक डॉ सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि आज हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं, जो महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों, और उनके सशक्तिकरण के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे समाज में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे पारिवारिक उत्तरदायित्वों के साथ साथ शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, और व्यापार जैसे हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने समाज में महिलाओं कि बदलती भूमिका एवं योगदान पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर अपने सन्देश में आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण ही एक प्रगतिशील समाज की पहचान है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन पर प्रन्नता व्यक्त करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा की हम सभी को मिलकर इस दिशा में प्रयास करने की आवयश्कता है जिससे की हम एक समान और समृद्ध समाज की ओर बढ़ सके। भारती तनेजा ने महिलाओं के महत्व और समाज में प्रतिष्ठा और सम्मान हासिल करने के लिए संघर्षों का सामना करने पर जोर दिया। अमृता चौरसिया ने महिला नेतृत्व पर चर्चा की। दिव्या ने अपने अधिकारों के लिए और महिलाओं के उत्थान के लिए उदारतापूर्वक योगदान देने के लिए यंग पीढ़ी को प्रोत्साहित किया। देवयानी मुखर्जी ने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। लतिका चड्ढा ने अपने सन्देश मे हमारे भीतर की आंतरिक शक्ति को पहचानने पर ध्यान केंद्रित किया। यह आंतरिक शक्ति ही है जिसने पूरे इतिहास में महिलाओं को अपने परिवारों, जनजातियों और समुदायों को निर्देशित और व्यवस्थित करने में सक्षम बनाया है।

डॉ नैंसी शर्मा ने अपने सन्देश मे सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता के रूप में लेने के लिए कहा, क्योंकि स्वस्थ महिलाएं ही एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकती हैं। सभी अतिथि वक्ताओं ने महिलाओं द्वारा लंबे समय तक संघर्ष करने के बारे में बात की, उन्होंने कहा कि महिलाओं को अंततः अपनी उपस्थिति को चिह्नित करना पड़ता है और तभी समाज में उल्लेखनीय स्वीकृति प्राप्त होती है। आज, महिलाएं स्वतंत्र हैं, सफल हैं और चुनौतियों को स्वीकार करती हैं और उन्हें साबित करती हैं और दूसरों के लिए मिशाल कायम करती हैं , जो अपने आप में एक उपलब्धि है। इस अवसर पर सभी संकायों के साथ साथ छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# अटौर नंगला गांव में सिद्ध शिरोमणि बाबा नानू नाथ की पुण्य तिथि पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



गाजियाबाद। शनिवार को ग्राम अटौर, नंगला मोहनपुर राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद में सिद्ध शिरोमणि बाबा नानू नाथ की पुण्य तिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ' जिसमें समस्त ग्रामवासियों की भागीदारी रही '

कार्यक्रम के आयोजक चौधरी महिपाल सिंह ने बताया कि नाथ संप्रदाय में नवमी का एक अलग ही महत्व है ' नवमी के दिन नाथ संप्रदाय के साधु, बोहर अस्थल रोहतक हरियाणा में बाबा मस्तनाथ जी की समाधि पर माथा टेकने जरूर जाते हैं ' उन्होंने बताया कि हमारे गांव से कई सिद्ध साधु हुए जिनमें बाबा मुक्खा नाथ जी, बाबा केदारनाथ जी, बाबा राजगुरु कृष्ण नाथ जी, बाबा न्यादर नाथ जी हैं और वर्तमान में बाबा जीत नाथ जी गांव में ही शिव मंदिर पर हैं ' वर्तमान में शिव मन्दिर पर महंत बाबा उत्तम नाथ जी और महंत बाबा जीत नाथ जी गद्दी पर आसीन हैं ' नाथ संप्रदाय की हमारे गांव पर विशेष कृपा है और सभी ग्रामवासियों की प्रार्थना है कि यह कृपा बनी रहे ' इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति अमित चौधरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने अपने वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव संकेत 2025 का शानदार तरीके से आयोजन किया



गाजियाबाद। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन में गाजियाबाद के विभिन्न संस्थानों के कई छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद ग्लोबल फ्यूजन थीम पर फैशन शो और सेलिब्रिटी गायक दीप मनी द्वारा लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया, जिसमें दर्शकों ने अपनी शानदार और यादगार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री डी.एस. चौहान आई.पी.एस., आई.जी. सेवानिवृत्त, निदेशक यू.पी. क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया, अतिथि माननीय कुलाधिपति- एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी श्री महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष-श्री अखिल अग्रवाल उनकी पत्नी श्रीमती शैली अग्रवाल, कुलपति-प्रोफेसर (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार, प्रो वीसी श्री पीयूष श्रीवास्तव, (सेवानिवृत्त आई.जी.), रजिस्ट्रार-डॉ. राजीव रतन, उप निदेशक और सांस्कृतिक समिति प्रमुख-डॉ. दीपा कंवर, चीफ प्रॉक्टर संदीप सिंह, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, श्री सुभाष शर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी प्राचार्य/निदेशक के साथ-साथ सभी संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। मुख्य अतिथि-श्री डी.एस. चौहान ने विविधता, समावेशिता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में सांस्कृतिक उत्सवों के महत्व पर जोर दिया।

## वसुंधरा में ही बनेगा एम्स का सेटेलाइट सेंटर

साहिबाबाद। दिल्ली एम्स का सेटेलाइट सेंटर वसुंधरा के सेक्टर सात में बनेगा। यह आवास विकास परिषद की दस एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। इस जमीन की कीमत 487 करोड़ रुपये है। जमीन देने के लिए परिषद जारी है। परिषद की बोर्ड बैठक में जमीन देने के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया गया है।परिषद के आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि एम्स के सेंटर के लिए जमीन देने का प्रस्ताव आया था। जनहित में इसे मंजूरी दे दी गई है। जब भी निर्माण शुरू होगा, जमीन मुहैया करा दी जाएगी। वसुंधरा के सेक्टर सात और आठ में परिषद की 80 एकड़ जमीन खाली पड़ी है।

## डीजल की चोरी का प्रकरण आया सामने नगर आयुक्त ने पंप पर तैनात सुपरवाइजर को किया निलंबित, दो आउटसोर्स कर्मियों को किया बर्खास्त

# मामले की जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध होगी FIR -नगर आयुक्त





गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सभी विभागों के वाहनों को नंदग्राम स्थित सरकारी पेट्रोल पंप के माध्यम से डीजल की आपूर्ति की जा रही है, जिसमें 2000 लीटर डीजल की चोरी के प्रकरण की शिकायत नगर आयुक्त को प्राप्त हुई जिस पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की गई, मौके पर महापौर द्वारा भी जाकर प्रकरण की जानकारी ली गई, नंदी गौशाला के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर सुपरवाइजर संजय जो की स्थाई कर्मचारी है तत्काल निलंबित किया गया, तथा दो आउटसोर्सिंग कर्मचारी सत्येंद्र तोमर तथा सत्येंद्र पोद्दार को बर्खास्त भी किया गया है, पेट्रोल पंप पर निगरानी बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा पेट्रोल पंप की बाउंड्री करने के निर्देश दिए गए तथा पेट्रोल पंप का सभी डाटा डिजिटल करने के निर्देश टीम को दिए गए'

डीजल चोरी प्रकरण की शिकायत प्राप्त होती ही सेनेटरी जोनल ऑफिसर द्वारा मौके पर जांच की गई डीजल वितरित करते समय अनियमिता पाए जाने पर डीजल को तथा गाड़ी को जप्त कर लिया गया तथा कार्यवाही की गई, छुट्टी के दिन इस प्रकार का कृत्य किया जा रहा था जिसकी शिकायत प्राप्त होते ही कड़ी कार्यवाही विभाग द्वारा की गई जिसकी सूचना महापौर तथा नगर आयुक्त को भी दी गई '

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि नंदग्राम स्थित निगम का पेट्रोल पंप जिससे सभी विभागीय वाहनों को डीजल की आपूर्ति की जाती है शिकायत प्राप्त हुई की मौके पर चोरी हो रही है जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित सुपरवाइजर को निलंबित किया गया है आउटसोर्सिंग दो कर्मियों को भी तत्काल पर प्रभाव से बर्खास्त किया गया है इसके अलावा जोनल सेनेटरी ऑफिसर ओमपाल व संबंधित बाबू को स्पष्टीकरण जारी किया गया है साथ ही प्रकरण की पूरी जांच करने के लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी भी बनाई गई है जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध ऋक्कऋ भी कराई जाएगी किसी प्रकार की लापरवाही करने वालों या प्रकरण में सम्मिलित को बक्सा नहीं जाएगा, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश व समस्त विभागीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग प्रबल रखने के कड़े निर्देश दिए गए'

# आज से मुंबई के लिए भी शुरू होगी हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

साहिबाबाद। हिंडन एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान पर पाबंदी हटने के बाद से अलग-अलग शहरों व राज्यों के लिए उड़ान शुरू हो रही हैं। इस क्रम में गोवा, कोलकाता और बंगलूरू के बाद सोमवार से मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल के लिए फ्लाइट शुरू की जा रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से ही मुंबई की उड़ान होगी । सोमवार से ही बंगलूरू के लिए भी दूसरी फ्लाइट शुरू की जा रही है। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि मुंबई के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट में 180 यात्री जा सकेंगे। मुंबई से सुबह 9:30 बजे उड़ान शुरू होगी और दोपहर 12.10 बजे विमान हिंडन पर उतरेगा। वापसी में दोपहर एक बजे विमान हिंडन से उड़ान भरेगा और शाम पौने चार बजे मुंबई पहुंचेगा।

इसी माह 22 मार्च को चेन्नई और 23 मार्च को जम्मू के लिए उड़ान शुरू हो रही है। इसके बाद 30 मार्च को भुवनेश्वर के लिए भी उड़ान प्रस्तावित है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की तरफ से यहां के लिए भी टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग आरंभ हो चुकी है। भुवनेश्वर के लिए हिंडन हवाई अड्डे से उड़ान सुबह 9:20 बजे शुरू होगी और सुबह 11:45 पर भुवनेश्वर पहुंचेगी। वापसी में यह दोपहर 12:15 बजे भुवनेश्वर से उड़ान शुरू होगी और दोपहर 2:30 बजे विमान हिंडन आएगी।

जीपीए | गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने सीबीएसई द्वारा दो बार बोर्ड की परीक्षा कराने के प्रस्ताव पर उठाए सवाल

# बोर्ड के छात्रों को प्रयोग का माध्यम न बनाए सीबीएसई - जीपीए

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को लिखे पत्र में कहा है कि शिक्षा सत्र 2025-26 से दसवीं की दो बार बोर्ड की परीक्षा आयोजित कराने के प्रस्ताव से जहां छात्रों में अतिरिक्त तनाव बढ़ेगा, वहीं अभिभावकों पर बोर्ड परीक्षा शुल्क दो बार देने पर आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा । सीबीएसई का कहना कि बोर्ड की परीक्षा दो बार आयोजित कराने का उद्देश्य छात्रों में तनाव कम करना और ट्यूशन कल्चर को समाप्त करना है, जबकि इस प्रक्रिया में छात्रों , अभिभावकों एवं शिक्षकों सभी को अत्यधिक मानसिक तनाव से गुजरना होगा । वहीं ट्यूशन कल्चर पर भी रोक लगाना मुश्किल ही दिखाई पड़ता है सीबीएसई द्वारा शिक्षा सत्र 2025 - 26 से दसवीं की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने का सर्कुलर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का हवाला देते हुए जारी किया है। जीपीए के सचिव अनिल सिंह ने कहा कि अभिभावक संघ होने के नाते हम सीबीएसई से पूछना चाहते है कि कितने बच्चों और अभिभावकों ने पूर्व में आयोजित की जा रही बोर्ड की परीक्षा के पैटर्न पर शिकायत की है अथवा प्रश्न चिन्ह लगाया है। क्योंकि शिक्षा बच्चो को मिल रही है और अभिभावक इसको मोटा पैसा खर्च करके निजी स्कूलों के माध्यम से दिलवा रहे है। क्या इस मसौदे को तैयार करने में अभिभावकों , शिक्षकों और छात्रों की राय ली गई है बोर्ड के छात्रों को प्रयोग का माध्यम न बनाया जाए । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कहती है कि विद्यार्थियों के ऊपर परीक्षा का तनाव कम होना चाहिए अतः आम इंसान भी समझ सकता है कि विद्यार्थियों में एक बार बोर्ड की परीक्षा देने से तनाव कम होगा या दो बार परीक्षा देने से । अभिभावकों पर पहले ही निजी स्कूलों द्वारा अत्यधिक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है अब सीबीएसई द्वारा दो बार बोर्ड परीक्षा कराने पर दो बार बोर्ड की फीस ली जाएगी इससे निश्चित रूप से अभिभावकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा । सीबीएसई को समझना होगा कि जिस विद्यालय में बच्चा पढ़ रहा है उसमें वो दो बार मिड टर्म परीक्षा , प्री बोर्ड और फिर दो बार बोर्ड की परीक्षा देगा तो इस पैटर्न पर वो पूरे वर्ष परीक्षा ही देता रहेगा तो उसको अपना सिलेबस पूरा करने के लिए कितने दिन मिलेंगे । साथ ही जिन विद्यालयों में दो बार बोर्ड की परीक्षा आयोजित की जाएगी उन स्कूलों में अन्य कक्षाओं की पढ़ाई भी निश्चित रूप से बाधित होगी । अब जो शिक्षक दो बार बोर्ड की ड्यूटी देंगे और दो बार लाखों विधार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे क्या वो दबाव मुक्त होकर पठन पाठन की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे ? राष्ट्रीय शिक्षा नीति कहती है कि अगर बच्चा चाहता है तो उसको दो बार परीक्षा के मौके दिए जाए जिसके लिए सीबीएसई के पास पहले ही बोर्ड के छात्रों के लिए कंपार्टमेंट की व्यवस्था है । फिर क्यों सीबीएसई द्वारा छात्रों में तनाव कम करने के नाम पर दो बार बोर्ड परीक्षा कराने का अनावश्यक प्रयोग किया जा रहा है । हम बोर्ड की परीक्षा दो बार आयोजित कराने से लाखों विधार्थियों के समग्र विकास पर विपरीत असर पड़ने और परीक्षा का अत्यधिक दबाव पड़ने से तनाव बढ़ने को लेकर चिंतित है । इस पॉलिसी से कोचिंग कल्चर को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा हमारे भारत में पॉलिसी बनाने वाला विभाग कोई और होता है और पॉलिसी को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी किसी और विभाग को दी जाती है।

पॉलिसी को क्रियान्वित करने वाला विभाग पॉलिसी की मूल भावना को समझे बिना ही उसे कमाई का जरिया बना देता है । जीपीए ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध किया है कि बच्चो के समग्र विकास और तनाव कम करने के लिए बोर्ड की परीक्षा दो बार आयोजित नहीं कराई जानी चाहिए। क्योंकि शिक्षा की प्रक्रिया शिक्षक और छात्रों के बीच का अहम हिस्सा है इस प्रकार बोर्ड की परीक्षा दो बार आयोजित कराने पर शिक्षक और छात्र आपस में शिक्षा के लिए कम समय के लिए मिल पाएंगे और शिक्षण कार्य निश्चित रूप से प्रभावित होगा साथ ही देश के लाखों अभिभावकों पर दो बार बोर्ड की परीक्षा फीस देने का भी अतिरिक्त भार पड़ेगा ।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।